हरिभूमि

# हिसार-हांसी भूमि

रोहतक, गुरुवार 14 मई 2026

12 शहीद निशांत के परिवार में जमीन को लेकर...



12 आर्ट ऑफ लिविंग ने लगाया निःशुल्क...



## खबर संक्षेप

### सिरसा से नांदेड़ साहिब के लिए स्पेशल ट्रेन कल

**हांसी।** मुख्यमंत्री तीर्थ यात्रा योजना के अंतर्गत श्रद्धालुओं के लिए नांदेड़ साहिब की दूसरी विशेष ट्रेन 15 मई को सिरसा से रवाना होगी। इस ट्रेन में हांसी क्षेत्र के श्रद्धालु भी शामिल होंगे। इससे पूर्व 5 मई को पहली विशेष ट्रेन को हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कुरुक्षेत्र से रवाना किया था। उपायुक्त राहुल नरवाल ने बताया कि विशेष ट्रेन के हांसी रेलवे स्टेशन पहुंचने पर श्रद्धालुओं का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया जाएगा। जिला प्रशासन द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं भी सुनिश्चित की जा रही हैं।

### शिकारपुर में जल निकासी परियोजना का शुभारंभ

**हिसार।** लोक निर्माण एवं जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा की अनुशंसा पर गांव शिकारपुर में जल निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए बिछाई जाने वाली पाइपलाइन परियोजना का बुधवार को युवा भाजपा नेता संजीव गंगवा ने शुभारंभ किया। लगभग 1.62 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाली इस महत्वपूर्ण परियोजना के पूरा होने के बाद शिकारपुर सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों को लंबे समय से चली आ रही जलभराव की समस्या से राहत मिलेगी। इस दौरान पूर्व चेयरमैन रणधीर धीरू सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### हिसार को जाम मुक्त करने के लिए बैठक कल

**हिसार।** हिसार शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम बनाने, शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव को कम करने, सडक़ सुरक्षा को सुनिश्चित करना और भविष्य में शहरी विस्तार को सुनिश्चित करने की दिशा में हरियाणा सरकार द्वारा गठित विशेष समिति की चौथी बैठक आगामी 15 मई को दोपहर 2 बजे आयोजित होगी। लघु सचिवालय के सभागार में लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा की अध्यक्षता में होने वाली इस बैठक में पूर्व मंत्री डॉ. कमल गुप्ता, नलवा विधायक रणधीर पनिहार, हिसार विधायक सावित्री जिंदल, महापौर प्रवीण पोपली सहित विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे।

### चोरी के मामले में एक आरोपी गिरफ्तार

**नारनौंद।** पुलिस चौकी खेड़ी चौपटा ने चोरी के मामले में एक आरोपित को पनिहारी बस अड्डा से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान दीपक उर्फ दीपू निवासी पनिहारी के रूप में हुई है। आरोपित को अदालत में पेश कर एक दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है, ताकि मामले में गहनता से पूछताछ की जा सके तथा चोरीशुदा ट्रॉली बरामद की जा सके। मुख्य सिपाही संदीप कुमार ने बताया कि 10 मई को शिकायतकर्ता अजीत निवासी खेड़ी जालब ने शिकायत दी थी कि खेड़ी चौपटा से नारनौंद रोड रजवाहा के पास स्थित उसके खेत से ट्रैक्टर की हरे रंग की ट्रॉली खड़ी थी। सुबह खेत में जाकर देखने पर ट्रॉली वहां से गायब मिली। शिकायत पर थाना नारनौंद में चोरी की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई।

# उकलाना नगर पालिका चुनाव में भाजपा की करारी हार, रीमा सोनी जीतीं

- ♦ रीमा ने भाजपा की निकिता गोयल को 2806 वोटों से हराया
- ♦ पार्षद चुनावों में प्रवीण गिल लगातार तीसरी बार बने विजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उकलाना

नगरपालिका चुनाव में यहां सत्तारूढ़ भाजपा को करारा झटका लगा है। चुनाव में कांग्रेस, इनेलो, आम आदमी पार्टी, बसपा सहित विभिन्न दलों के समर्थन से मैदान में उतरी निर्दलीय प्रत्याशी रीमा सोनी ने शानदार जीत दर्ज करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष पद पर कब्जा जमा लिया। रीमा सोनी ने भाजपा प्रत्याशी निकिता गोयल को 2806 वोटों के बड़े अंतर से हराया। मतगणना परिणामों के अनुसार रीमा सोनी को कुल 7078 मत प्राप्त हुए, जबकि भाजपा प्रत्याशी निकिता गोयल को 4272 वोट मिले। मीना रानी को 83 तथा डॉ. सोनिया बत्रा को 249 मत प्राप्त हुए, वहीं नोटा के पक्ष में 62 वोट पड़े। चुनाव अधिकारी एवं बरवाला के एसडीएम अश्वीर सिंह नैन ने रीमा को जीत का प्रमाण पत्र प्रदान किया। रीमा सोनी की जीत की घोषणा होते ही समर्थकों में भारी उत्साह देखने को मिला। हलका विधायक नरेश सेलवाल व कांग्रेस जिला अध्यक्ष बृजलाल बहबलपुरिया सहित कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर रीमा सोनी को बधाई दी। उकलाना नगरपालिका चुनाव के लिए निर्धारित समयानुसार बुधवार सुबह मतगणना शुरू हुई। कुल चार राउंड में ही हार जीत का फैसला हो गया। भाजपा नेता श्रीनिवास गोयल अपनी पुत्रवधू के साथ काउंटिंग सेंटर से दूसरे राउंड में ही बाहर आ गए। तीसरे राउंड खत्म होते ही रीमा समर्थकों ने जीत का जश्न मनाना शुरू कर दिया। काउंटिंग सेंटर के बाहर गुलाल उड़ने लगे। इस चुनाव में बड़ा उलटफेर देखने को मिला। पोलिंग स्टेशन नंबर 14 पर रीमा सोनी को सबसे अधिक 602 वोट मिले, जबकि भाजपा प्रत्याशी निकिता गोयल को पोलिंग स्टेशन नंबर 8 पर सर्वाधिक 557 मत प्राप्त हुए।



### जानें अध्यक्ष पद के लिए किसे कितने वोट मिले

| उम्मीदवार | प्राप्त वोट |
|---|---|
| रीमा सोनी | 7078 |
| निकिता गोयल | 4272 |
| डॉ. सोनिया बत्रा | 249 |
| मीना रानी | 83 |
| नोटा | 62 |
| जीत का अंतर | 2806 |

### खुद के वार्ड में गोयल का निराशाजनक प्रदर्शन

भाजपा नेता श्रीनिवास गोयल के वार्डों व बूथों पर भी रीमा सोनी को अच्छे खासे वोट मिले। चार राउंड की चली मतगणना में किसी भी राउंड में रीमा सोनी पीछे नहीं रहीं। रीमा ने यह मुकाबला एकतरफा जीत लिया। नगरपालिका चुनाव परिणाम आने के बाद उकलाना शहर में जश्न का माहौल बना रहा।

### बड़े नेता भी नहीं दिला पाए जीत

उकलाना में भाजपा उम्मीदवार की हार के साथ ही चर्चे शुरू हो गए हैं। भाजपा ने यह चुनाव जीतने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगा रखा था। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी को चुनाव का प्रभारी लगाया गया वहीं संगठन की ओर से प्रदेश अध्यक्ष मोहनलाल बड़ौली ने भी दौरे किए और महामंत्री सुरेंद्र पूनिया यहां डेरा डाले रहे। इसके अलावा चुनाव प्रचार के अंतिम चरण में मुख्यमंत्री नायब सैनी ने भी जनसभा की और कई जनपाल कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर ट्रिपल इंजन सरकार बनाने का दावा किया। पार्टी के मजबूत रणनीतिकार माने जाने वाले सांसद संजय भाटिया ने भी यहां का दौरा किया। इसके अलावा हांसी व हिसार जिले से जुड़े सत्तारूढ़ दल के मंत्री व विधायक भी यहां जोर आजमाइश करते देखे गए लेकिन जनता ने उनकी एक नहीं सुनी।

### जिलाध्यक्ष व पूर्व मंत्री का हलका

उकलाना पूर्व मंत्री अनूप धानक व भाजपा जिला अध्यक्ष आशा खेदड़ का गृह हलका है। दोनों ही हलके से चुनाव लड़ते रहे हैं और अनूप धानक ने तो वर्ष 2014 व 2019 में जीत भी दर्ज की थी। जिला अध्यक्ष आशा खेदड़ यहां कभी चुनाव तो नहीं जीत पाई लेकिन उन्होंने अच्छे खासे वोट हासिल किए थे।

### नगर पालिका समिति : वार्डवार चुनाव परिणाम

| वार्ड | विजेता | वोट | उपविजेता | वोट | अंतर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अभिषेक उर्फ तुर्की | 413 | विनोद जांगड़ा | 254 | 159 |
| 2 | दयावंती | 457 | दीपा भट्ट | 232 | 225 |
| 3 | सुमन गोयल | 343 | दीपिका | 282 | 61 |
| 4 | सीमा गोयल | 403 | बबीता बंसल | 305 | 98 |
| 5 | सुमित भयाना | 558 | विकास जैन उर्फ विक्की | 206 | 352 |
| 6 | जतिन | 339 | अमित गोयल | 199 | 140 |
| 7 | अभय राम | निर्विरोध | — | — | — |
| 8 | हरीश कुमार | 347 | नीलम देवी | 316 | 31 |
| 9 | परवीन गर्ग | 497 | कुणाल सामा | 383 | 114 |
| 10 | प्रवीन | 409 | विकास | 300 | 109 |
| 11 | लवली | 456 | सतीश कुमार | 250 | 206 |
| 12 | रश्मि | 436 | सुनीता देवी | 94 | 342 |
| 13 | राजेश कुमार | 180 | सोमनाथ/विनोद कुमार | 142/142 | 38 |
| 14 | सविता | 287 | सोनम | 214 | 73 |
| 15 | सुनीता देवी | 322 | सुदेश | 199 | 123 |
| 16 | राजेश कुमार | 325 | भारत | 267 | 58 |

### अंडरपास पर आंदोलन की अनदेखी पड़ी भारी

उकलाना में भाजपा की हार के साथ ही लोगों में इसके कारणों की सुगबुगाहट शुरू हो गई है। लोगों का कहना है कि अंडरपास की मांग पर क्षेत्रवासी कई दिनों तक धरने पर बैठे रहे लेकिन सत्तारूढ़ दल के नेताओं ने इसे कभी गंभीरता से नहीं लिया वहीं इसका समर्थन तक करना उचित नहीं समझा। जब चुनाव की घोषणा हो गई तो आनन-फानन में बातचीत करके आश्वासन देकर टाल दिया गया। सरकारी विभाग भी सरकार की किरकिरी करवाने में कमी नहीं छोड़ते। जब यहां मुख्यमंत्री आए तो एक सड़क को बनाना शुरू कर दिया गया, लेकिन मुख्यमंत्री के जाते ही इस सड़क का निर्माण बंद कर दिया गया। इससे लोगों में कड़ी प्रतिक्रिया हुई और वे विरोध में वोट डाल गए।

## बडाला गोलीकांड में 12 युवकों पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौंद

क्षेत्र के बडाला गांव में मंगलवार को जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों में गोलियां चलने के मामले में पुलिस ने आठ नामजद ओर चार अन्य युवकों पर विभिन्न धाराओं के तहत एफआईआर दर्ज किया है। पुलिस द्वारा आरोपियों की तलाश में उनके ठिकानों पर दबिश दी जा रही हैं। पुलिस मामले की गहनता से जांच करने में जुटी हुई है।

बता दें कि गांव बडाला में साढ़े 18 एकड़ जमीन को लेकर मंगलवार को दो पक्षों में झगड़ा हो गया था। गांव बडाला निवासी फौजी विकास उर्फ विक्की नहीं अपने लाइसेंसी 32 बोर के पिस्टल से गोलियां चलाकर तेजवीर, पवन और आदित्य को घायल कर दिया था और उसके बाद खुद के पैर में भी गोली मार ली थी। जिसके कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया था। पुलिस ने उसको इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस ने कश्मीर के बयान पर बडाला निवासी विकास उर्फ विक्की, अंकित, प्रवेश, ऋषि राज, अजय, राजेश, राहुल, सोनू सहित तीन चार अन्य युवकों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया। पुलिस ने विकास के कब्जे से 32 बोर का पिस्टल और तीन कारतूस बरामद किए हैं। वारदात की जगह से भी छह कारतूस और गोली के करीब सात खाली खोल बरामद किए हैं। पुलिस की अलग-अलग टीमें आरोपितों को पकड़ने के लिए उनके संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं। लेकिन अभी तक कोई भी आरोपित पुलिस की पकड़ में नहीं आया।

बास थाना प्रभारी बलवान सिंह ने बताया कि अलग-अलग टीम में आरोपितों के ठिकानों पर दबिश दे रही है। अभी तक कोई पकड़ में नहीं आया। पुलिस ने मुख्य आरोपित विकास के कब्जे से एक पिस्तौल व तीन करतूस बरामद किए हैं। विकास ने खुद की पिस्टल से ही पैर में खुद ही गोली मारी थी। मौके से भारी मात्रा में कारतूस और खाली खोल भी बरामद हुए हैं। कितनी पिस्टल इस्तेमाल की गई, इसकी जांच जारी है।

## हंगामा: कचरा उठाने पहुंचे विधायक-एसडीएम का सफाईकर्मियों ने किया विरोध

# हड़ताली कर्मियों व प्रशासन में टकराव ट्रॉली से कचरा दोबारा सड़क पर फेंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

पिछले 13 दिनों से चली आ रही सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते शहर की चरमराई सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए प्रशासनिक अधिकारियों ने सामाजिक संगठनों की मदद से गंदगी के ढेरों को हटाने का प्रयास किया लेकिन हड़ताली कर्मचारियों द्वारा गंदगी के ढेरों हटाने का विरोध किए जाने से बड़ा बवाल हो गया। कचरे के ढेर लगने पर प्रशासन, सामाजिक संस्थाओं और जनप्रतिनिधियों ने खुद सफाई अभियान शुरू किया, जिसका हड़ताली कर्मचारियों ने विरोध किया।

सफाई कर्मचारियों की हड़ताल के चलते बुधवार सुबह विधायक विनोद भयाना, एसडीएम राजेश खोथ बुधवार सुबह विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के सदस्यों के साथ विश्रामगृह के सामने सड़क पर फैले कचरे को उठाकर ट्रॉली में डाल रहे थे। इसी दौरान बड़ी संख्या में महिला कर्मचारियों समेत हड़ताली सफाई कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने विधायक विनोद भयाना व प्रशासनिक अधिकारियों व सामाजिक संस्थाओं द्वारा सड़क पर फैले कचरे को उठाने पर विरोध जताया।







**हांसी।** सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर गंदगी के ढेर को हटाते एसडीएम राजेश खोथ व अन्य, सफाई का विरोध कर रही महिला कर्मचारी को पकड़ कर ले जाती महिला पुलिस अधिकारी व अधिकारियों द्वारा की जा रही सफाई का विरोध करने पर सफाई कर्मचारी एसोसिएशन के प्रधान बलजीत सिंह को पकड़ कर ले जाते पुलिस कर्मी।

### समझाने के बावजूद न मानने पर सफाई कर्मचारी हिरासत में लिए

विरोध कर रहे कर्मचारियों ने कचरे से भरी ट्रॉली के उपर चढकर ट्राली में डाले गए कचरे को दोबारा सड़क पर फेंकना शुरू कर दिया। स्थिति बिगड़ते देख प्रशासनिक अधिकारी और समाजसेवी पीछे हट गए। जिसके बाद मौके पर मौजूद पुलिस अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन हड़ताली कर्मचारियों ने नारेबाजी शुरू कर दी। हड़ताली सफाई कर्मचारियों द्वारा नारेबाजी तथा विरोध किए जाने के बाद स्थिति बिगड़ती देख पुलिस ने महिला सफाई कर्मचारियों सहित सभी प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर बस में बैठाकर शहर थाना ले जाया गया। जहां करीब दो घंटे बाद सभी को छोड़ दिया गया। इस दौरान सफाई कर्मचारियों का समर्थन करने पर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के कैशियर सुरेंद्र यादव को भी पुलिस ने हिरासत में ले लिया। जिसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों व सामाजिक संगठनों के सदस्यों ने विश्रामगृह व विश्वकर्मा के समीप कचरे के ढेर को वहां से हटा दिया।

### सफाईकर्मियों से बैर नहीं

विधायक विनोद भयाना ने कहा कि हमें सफाई कर्मचारियों से कोई बैर नहीं है। वे भी हमारे अपने ही भाई बहन हैं लेकिन हड़ताल के चलते कई दिनों से शहर में कूड़ा फैला हुआ था, इसलिए सफाई का प्रयास किया गया। उन्होंने कहा कि वे मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से हड़ताल समाप्त करवाने के लिए सफाई कर्मचारियों की पैरवी करेंगे।

### विधायक का पुतला फूंका

पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए सफाई कर्मचारियों को छोड़ें जाने के बाद सभी सफाई कर्मचारी विधायक विनोद भयाना के पुतले के साथ शहर में प्रदर्शन करते उमरा गेट पहुंच विधायक के पुतले का दहन किया। इस दौरान सफाई कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

### नारनौंद में नगर पालिका कर्मचारियों की हड़ताल को समर्थन देने पहुंचे पार्षद

**नारनौंद।** नगर पालिका नारनौंद में नगर पालिका कर्मचारी संघ के आह्वान पर बुधवार को 13वें दिन भी सफाई कर्मचारी हड़ताल पर रहे व अग्निशमन विभाग की हड़ताल 36वें दिन में प्रवेश कर गई। हड़ताल के अध्यक्ष संजय पानू वपूर्व इकाई प्रधान धर्मवीर व मंच का संचालन ऑल सफाई कामगार संघर्ष समिति के उप प्रधान नरेश कुमार ने किया। नगर पालिका की हड़ताल में सफाई कर्मचारीयों को समर्थन देने पहुंचे वार्ड नंबर 11 से पार्षद पिंकी पाल ने कहा जब तक सरकार हमारे सफाई कर्मचारियों की मांगों को पूरा नहीं करती तब तक हमारा समर्थन कर्मचारियों के साथ जारी रहेगा। अग्निशमन विभाग से दीपक कौशिक ने कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी तब तक हमारा सरकार के खिलाफ प्रदर्शन जारी रहेगा। अगर सरकार जल्द ही बातचीत नहीं करेगी तो सभी कर्मचारी एकजुट होकर कोई बड़ा फैसला लेने के लिए मजबूर होंगे जिसके जिम्मेदारी सरकार व प्रशासन की होगी। इस मौके पर ब्लॉक प्रधान रमेश कुमार, इकाई प्रधान मंसाराम, पूर्व ब्लॉक प्रधान रोहताश शर्मा, रणवीर, कुलदीप, राजवीर, दीपक, टीनू, कमलेश, रामकली, संतोष आदि मौजूद रहे।

## बुलेट सवारों ने पुलिस को किए गंदे इशारे, रोकने पर की हाथापाई, टीम ने छह को किया गिरफ्तार

**हिसार।** महिला सुरक्षा टीम और पुलिस कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार, हाथापाई और सरकारी ड्यूटी में बाधा डालने के मामले में पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस प्रवक्ता के अनुसार गत 11 मई को जब महिला सुरक्षा टीम सेक्टर-13 की प्रभारी एसआई ममता अपनी टीम के साथ पार्किंग क्षेत्र में गश्त पर थीं। गश्त के दौरान बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार तीन युवकों को रुकने का इशारा किया गया, लेकिन उन्होंने रुकने के बजाय पुलिस टीम को साइड मारते हुए भागने की कोशिश की। आगे गाड़ी खड़ी होने के कारण जब उन्हें काबू किया गया, तो आरोपियों ने पुलिस टीम के साथ अभद्र व्यवहार किया। युवकों ने पुलिस कर्मियों की तरफ गंदे इशारे किए और ऊंची आवाज में चिल्लाकर वीडियो बनाने लगे, जब ईएसआई रमेश ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो आरोपियों ने उनकी वर्दी पकड़कर खींची और उनके साथ बदतमीजी की। आरोपियों ने मौके पर अपने तीन अन्य साथियों को भी बुला लिया और पुलिस टीम के साथ हाथापाई शुरू कर दी। आरोपियों ने ईएसआई रमेश की वर्दी फाड़ दी और पुलिस टीम को नौकरी छुड़वाने व ऊपर तक पहुंच होने की धमकियां दीं। पुलिस ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए झुंपा कलां निवासी रवि, कैमरी रोड स्थित अमरदीप कॉलोनी निवासी प्रवीण, सेक्टर 9-11 निवासी पुरु कौशिक, विद्युत नगर निवासी शुभम व टोकेश्वर सिंह उर्फ टोनी तथा छोटूराम कॉलोनी निवासी तुषार जांगड़ा शामिल है। पुलिस का कहना है कि सरकारी कार्य में बाधा डालने और ऑन-ड्यूटी पुलिस कर्मियों के साथ दुर्व्यवहार करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

## साइबर ठगी के शिकार दो लोगों को वापस दिलाई रकम

**हिसार।** साइबर क्राइम थाना प्रभारी सतेंद्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने साइबर ठगी के शिकार दो व्यक्तियों को उनसे ठगी गई लाखों की राशि वापिस दिलवाने में मदद की है। पीड़ितों ने राशि वापिस मिलने पर पुलिस का आभार जताया है।

सहायक निरीक्षक नरेंद्र ने बताया कि इस संबंध में ऑनलाइन धोखाधड़ी के के शिकार हुए एक व्यक्ति ने शिकायत दी थी। सेक्टर 16-17 निवासी घनश्याम ने बताया कि उसके साथ व्हाट्सप्प पर निवेश के नाम पर साइबर धोखाधड़ी हुई थी। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने तुरंत एनसीसीआरपी पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराई थी जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए केस दर्ज किया गया। थाना साइबर क्राइम टीम ने शिकायत मिलते ही तकनीकी अनुसंधान और बैंक अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर ठगी गई राशि को फ्रीज करवाया। कानूनी प्रक्रिया और कोर्ट के नियमों के अनुसार सुपरदारी की प्रक्रिया को पूरा करते हुए, यह पूरी राशि 55 हजार 600 पीड़ित के खाते में वापस सुरक्षित पहुंचा दी। उधर, एएसआई नरेंद्र ने बताया कि सिरसा रोड स्थित हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी योगेंद्र के साथ शेयर मार्किट में इन्वेस्टमेंट फ़्रॉड के नाम पर सवा लाख रुपये की साइबर धोखाधड़ी हुई थी। ठगी का अहसास होने पर पीड़ित ने एनसीसीआरपी पोर्टल पर अपनी शिकायत दर्ज कराई थी। थाना साइबर क्राइम की टीम ने शिकायत मिलते ही तकनीकी अनुसंधान और बैंक अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर ठगी गई राशि को फ्रीज करवाया। कानूनी प्रक्रिया और कोर्ट के नियमों के अनुसार सुपरदारी की प्रक्रिया को पूरा करते हुए, यह पूरी राशि सवा लाख रुपये पीड़ित के खाते में वापस सुरक्षित पहुंचा दी गई है।

**स्वास्थ्य से खिलवाड़** | हिसार में गैर पंजीकृत डेंटल हॉस्पिटल पर सीएम फ्लाइंग की रेड

# ‘गेरा डेंटल’ पर 9वीं पास युवक करता मिला मरीजों का इलाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

हिसार में स्वास्थ्य सेवाओं के नाम पर लोगों की जान से खिलवाड़ करने का मामला सामने आया है। सीएम फ्लाइंग की हिसार टीम ने स्वास्थ्य विभाग के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए एक निजी डेंटल हॉस्पिटल पर छापा मारा, जहां बिना किसी मान्यता और चिकित्सीय योग्यता के मरीजों का इलाज किया जा रहा था। जांच के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आने पर टीम ने मामले की शिकायत पुलिस को देकर आगामी कार्रवाई शुरू करवा दी हैं। कार्रवाई का नेतृत्व सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने किया। उनके साथ स्वास्थ्य विभाग के डेंटल सर्जन डॉ. पुलकित, एएसआई सुरेंद्र तथा एचसी जितेंद्र भी टीम में शामिल रहे। सीएम फ्लाइंग टीम को सूचना मिली थी कि हिसार स्थित “गेरा डेंटल” नामक निजी क्लिनिक में बिना पंजीकरण के अवैध रूप से डेंटल उपचार किया जा रहा है।

### पंजीकृत डॉक्टर संबंधी कोई रिकॉर्ड नहीं मिला

सूचना के आधार पर संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर रेड की और क्लिनिक के दस्तावेजों सहित वहां कार्यरत लोगों की जांच की। जांच के दौरान सामने आया कि क्लिनिक किसी भी सरकारी अधिनियम के अंतर्गत पंजीकृत नहीं था। मौके पर कोई वैध लाइसेंस, ओपीडी रजिस्टर या पंजीकृत डॉक्टर से संबंधित रिकॉर्ड नहीं मिला। जांच में सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई कि प्रदीप कुमार नामक युवक, जो केवल 9वीं कक्षा तक पढ़ा हुआ बताया गया, डेंटल चेयर पर बैठकर मरीजों की जांच कर रहा था, दवाइयां दे रहा था और उनसे पैसे भी वसूल रहा था। टीम ने मौके पर मौजूद मरीजों से पूछताछ की तो उन्होंने भी इसकी पुष्टि की। क्लिनिक संचालक महेंद्र बजाज ने टीम को बताया कि क्लिनिक डॉ. तरुण गेरा द्वारा संचालित किया जाता है, लेकिन मौके पर डॉ. तरुण गेरा के नाम से संबंधित कोई दस्तावेज, बिल बुक या ओपीडी स्लिप नहीं मिली। इससे टीम को संदेह हुआ कि अस्पताल अवैध रूप से संचालित किया जा रहा था। क्लिनिक ने हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से भी आवश्यक अनुमति नहीं ली हुई थी। मेडिकल वेस्ट के निपटान से संबंधित कोई रिकॉर्ड या व्यवस्था भी मौके पर नहीं मिली।



### मरीजों ने भी किए खुलासे

रेड के दौरान गांव सिसाय काली रावण निवासी राकेश ने बताया कि वह दांतों का इलाज करवाने क्लिनिक में आए थे, जहां प्रदीप नामक युवक ने उनकी जांच की, दवाइयां दीं और पैसे लिए। इसी प्रकार दूसरे मरीज डॉ. संदीप ने भी बताया कि क्लिनिक में उनके दांतों की जांच प्रदीप द्वारा की गई तथा उनसे दवाइयों के पैसे वसूले गए। सीएम फ्लाइंग हिसार रेंज इंचार्ज सुनैना ने बताया कि सरकार के निर्देशानुसार बिना चिकित्सीय योग्यता और बिना पंजीकरण के अस्पताल चलाना गंभीर अपराध है। ऐसे मामलों में आम लोगों के स्वास्थ्य के साथ सीधा खिलवाड़ होता है।सरकार के स्पष्ट निर्देश हैं कि अवैध रूप से इलाज करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। सरकार द्वारा समय समय पर आमजन को जागरूक भी किया जाता है कि केवल सरकारी अथवा पंजीकृत अस्पतालों में योग्य डॉक्टरों से ही इलाज करवाएं, ताकि उन्हें सुरक्षित और बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल सकें। फिलहाल टीम ने मामले की विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर पुलिस को सौंप दी है और आगामी कार्रवाई पुलिस द्वारा की जाएगी।

## लिफ्ट टूटने से घायल राकेश ने उपचार के दौरान तोड़ा दम

**हिसार।** हांसी में एक मैरिज पैलेस की लकड़ी की लिफ्ट टूटने से घायल हुए 42 साल के राकेश कुमार की उपचार के दौरान शहर के निजी अस्पताल में मौत हो गई। पुलिस ने हांसी की इंद्रा कालोनी निवासी मृतक राकेश कुमार के शव का जिले के नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया। परिजनों के अनुसार इंद्रा कालोनी निवासी राकेश कैटरिंग का काम करता था। गत 10 अप्रैल को हांसी के तिकोना पार्क के पास एक पैलेस में शादी समारोह का कार्यक्रम था। वहां पर राकेश कुमार काम करने के लिए गया हुआ था। दोपहर करीब साढ़े तीन बजे वह सामान लेकर पैसेल के अंदर लगी लकड़ी की लिफ्ट से तीसरी मंजिल पर जा रहा था। जब लिफ्ट तीसरी मंजिल पर पहुंची तो अचानक से रस्सी टूटने से राकेश नीचे आकर गिरा जिस कारण वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे पहले हांसी के एक अस्पताल में भर्ती करवाया, लेकिन वहां से हिसार के लिए रेफर कर दिया गया, जहां उसकी मौत हो गई।



कई हेल्थ डाटा के अनुसार दुनिया में 30 से 80 वर्ष की आयु वाले 1.4 बिलियन से अधिक लोग हाइपरटेंशन से ग्रस्त हैं। यह गंभीर चिंताजनक इसलिए भी है कि इससे कई दूसरी प्रॉब्लम्स होने लगती हैं। ऐसे में जरूरी है कि हाई बीपी को लेकर आप पूरी तरह अवेयर रहें। इस बारे में कुछ यूजफुल सजेशंस।

## कई प्रॉब्लम्स की वजह बन सकता है हाई बीपी



**मेडिकल सजेशन**



डॉ. विपुल गुप्ता
सीनियर कंसल्टेंट-कार्डियोलॉजिस्ट
नई दिल्ली

आज के दौर में हाइपरटेंशन यानी हाई बीपी को कॉमन डिजीज माना जाता है। लेकिन इसे लेकर लापरवाही बरतना ठीक नहीं है क्योंकि इसकी वजह से शरीर में कई अन्य गंभीर समस्याएं पैदा हो सकती हैं।

**क्या होता है हाइपरटेंशन:** एक हेल्दी एडल्ट व्यक्ति का अपर या सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर 120 एमएम एचजी और लोअर या डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर 80 एमएम एचजी होता है। अगर लोअर रीडिंग 85 से अधिक और अपर रीडिंग 120 से अधिक हो तो उसे हाई बीपी कहते हैं। अगर यह रीडिंग 140/100 एमएम एचजी से अधिक हो तो इसे हाइपरटेंशन ग्रेड वन कहते हैं। अगर यह रीडिंग 170/110 एमएम एचजी से अधिक हो तो इसे ग्रेड टू हाइपरटेंशन कहते हैं।

**माना जाता है साइलेंट किलर:** अगर कोई व्यक्ति हाइपरटेंशन से ग्रस्त है तो रेग्युलर मॉनिटरिंग और डॉक्टर के कंसल्टेशन से दवा लेकर इसे कंट्रोल करना चाहिए। ऐसा न करने पर इसका बुरा असर कई अंगों पर पड़ सकता है। हार्ट, किडनी और आइज पर बुरा असर पड़ सकता है। पेशेंट को पैरालाइसिस होने का रिस्क रहता है, उसकी आंखों की रोशनी जा सकती है और उसको हार्ट अटैक भी हो सकता है। इसीलिए हाइपरटेंशन को साइलेंट किलर कहते हैं।

**इन्हें होता है ज्यादा रिस्क:** हाइपरटेंशन होने का रिस्क उन लोगों को ज्यादा होता है, जिनका बॉडी वेट अधिक होता है, जिनकी हाई बीपी की फैमिली हिस्ट्री है, जो स्मोकिंग करते हैं, जिनको डायबिटीज है या जिनकी लाइफस्टाइल अनहेल्दी है।

**प्रमुख लक्षण:** आपको उन लक्षणों के बारे में भी जरूर जानना चाहिए, जो हाइपरटेंशन की वजह से हो सकते हैं। इनमें शामिल हैं- सिरदर्द, थकावट, घबराहट, बेचैनी, सुस्ती, वॉमिटिंग, आंखों से धुंधला दिखना। अगर बीपी बहुत ज्यादा हो तो नाक से ब्लीडिंग भी हो सकती है। चेस्ट में दर्द, सांस लेने में परेशानी महसूस हो सकती है।

**ऐसे करें बीपी कंट्रोल:** इसे कंट्रोल करने के लिए पेशेंट को रेग्युलर अपना बीपी, शुगर लेवल और कॉलेस्ट्रॉल चेक करवाते रहना चाहिए। अपनी लाइफस्टाइल हेल्दी रखनी चाहिए। हेल्दी डाइट लें, कॉमन आयोडाइज्ड सॉल्ट का सेवन डेली 5 ग्राम से अधिक नहीं करना चाहिए। कुछ लोग सेंधा नमक का सेवन करते हैं, लेकिन उसे भी कम लेना चाहिए क्योंकि उसमें पोटेशियम की मात्रा ज्यादा होती है। ग्रीन वेजिटेबल्स और प्रोटीन का सेवन करें, इससे वेट कंट्रोल रहेगा। मोनोअनसैचुरेटेड फैट जैसे ऑलिव ऑयल, कैनोला ऑयल और मस्टर्ड ऑयल का सेवन करना चाहिए।

**ट्रीटमेंट में न बरतें लापरवाही:** अगर लाइफस्टाइल और डाइट सुधारने के बाद भी बीपी नॉर्मल नहीं हो पा रहा है तो डॉक्टर से कंसल्ट करें। उनकी बताई दवा रेग्युलर लेनी चाहिए। ट्रीटमेंट में लापरवाही से दूसरे अंगों पर बुरा असर पड़ सकता है। अगर कोई व्यक्ति डायबिटिक है और उसे हाई बीपी भी है तो उसे और भी अवेयर रहना चाहिए।

**बचाव के उपाय:** हाइपरटेंशन से बचने के लिए हेल्दी लाइफस्टाइल फॉलो करें। फास्ट फूड और जंक फूड अवॉयड करें। अपना बॉडी वेट कंट्रोल रखें। बहुत मीठा और बहुत नमक वाली चीजें न खाएं। स्मोकिंग और एल्कोहल का सेवन न करें। रेग्युलर वर्कआउट करना, रोज अच्छी नींद लेना भी बीपी कंट्रोल करने में सहायक है। *

प्रस्तुति: विज्ञान भूषण

**डॉक्टर्स एडवाइस**

डॉ. मनीषा चक्रवर्ती
सीनियर कंसल्टेंट-पीडियाट्रिक कार्डियोलॉजी
मैरिंगो हॉस्पिटल्स, फरीदाबाद

स्पेशल: वर्ल्ड हाइपरटेंशन-डे, 17 मई

बीते कुछ वर्षों में वयस्क और बुजुर्गों के अलावा बच्चे भी हाइपरटेंशन की गिरफ्त में आने लगे हैं। यह एक गंभीर समस्या है क्योंकि इससे बच्चों की फ्यूचर लाइफ प्रभावित हो सकती है। ऐसे में यह जानना बहुत जरूरी है कि बच्चों में हाइपरटेंशन क्यों होता है, इसके क्या लक्षण हैं, इसका क्या उपचार है और इससे बच्चों को कैसे बचाया जा सकता है?

## सीरियस हेल्थ इश्यू चाइल्डहुड हाइपरटेंशन





पहले ऐसा माना जाता था कि हाइपरटेंशन बड़े और बुजुर्गों की बीमारी है, लेकिन आज के समय बच्चों में भी हाई ब्लड प्रेशर जैसी गंभीर समस्या तेजी से बढ़ रही है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन की रिपोर्ट के हिसाब से जिस उम्र में बच्चों का समुचित विकास होना चाहिए, उस उम्र में उन्हें हाई ब्लड प्रेशर जैसी बीमारी घेर रही है। विडंबना है कि ज्यादातर पैरेंट्स इसके लक्षणों को आए दिन होने वाली दूसरी बीमारी मानकर नजरअंदाज कर देते हैं और बीपी चेक कराने में लापरवाही करते हैं। विशेषज्ञ मानते हैं कि इसी वजह से 9 प्रतिशत से ज्यादा बच्चों में ब्लड प्रेशर हाई होने का पता नहीं चल पाता, जो भविष्य में गंभीर बीमारियों का कारण बन सकता है। यह गंभीर चिंता का विषय है।

**चिंताजनक हैं आंकड़े:** डब्ल्यूएचओ के अनुसार भारत में हर 100 में से 7-8 बच्चे हाइपरटेंशन से जूझ रहे हैं। द लैंसेट चाइल्ड एंड एडोलसेंस हेल्थ जर्नल में प्रकाशित एक अध्ययन के अनुसार पिछले दो दशकों में बच्चों में हाई ब्लड प्रेशर के मामले लगभग दो गुने हो चुके हैं। वर्ष 2000 में जहां बच्चों में हाई बीपी का आंकड़ा करीब 2-3 प्रतिशत था, वहीं वर्ष 2020 तक यह बढ़कर 6 प्रतिशत से भी ज्यादा हो गया है। बच्चों को हाइपरटेंशन की समस्या किसी भी उम्र में (जन्मजात विकार होने पर नवजात शिशु में भी) हो सकती है। लेकिन सबसे ज्यादा 10-15 साल के बच्चे इसके शिकार होते हैं। जर्नल ऑफ द अमेरिकन मेडिकल एसोसिएशन के अनुसार बचपन में हाइपरटेंशन होने से व्यक्ति के जीवन के अगले पांच दशकों में दिल की बीमारी से होने वाली मौत का जोखिम 40-50 प्रतिशत बढ़ सकता है।

**क्या होता है ब्लड प्रेशर:** असल में ब्लड प्रेशर का संबंध हमारे हार्ट से है। हार्ट हमारे शरीर में एक पंप के रूप में काम करता है और ब्लड का सर्कुलेशन पूरे शरीर में करता है। ब्लड सर्कुलेशन के समय ब्लड आर्टरीज या ब्लड वेसल्स में पड़ने वाले प्रेशर को ब्लड प्रेशर कहते हैं। जब हार्ट ब्लड को पंप करता है, तब प्रेशर ज्यादा होता है, जिसे सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर कहा जाता है। दूसरी हार्टबीट से पहले हार्ट रिलेक्स मोड में ब्लड अपने अंदर ले रहा होता है। तब ब्लड प्रेशर कम होता है जिसे डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर कहते हैं। शरीर की संरचना और आयु के हिसाब से ब्लड प्रेशर में अंतर होता है। ब्लड प्रेशर बीपी इंस्ट्रूमेंट, स्पिगनोमेनोमीटर इंस्ट्रूमेंट से मापा जाता है। इंस्ट्रूमेंट में आई ऊपर वाली रीडिंग सिस्टोलिक ब्लड प्रेशर और नीचे वाली रीडिंग डायस्टोलिक ब्लड प्रेशर कहलाती है। अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स ने बच्चों में हाइपरटेंशन मापने का अलग पैमाना सेट किया है। बच्चे की उम्र, लिंग और लंबाई के अनुसार अलग बीपी चार्ट बनाया गया है, जिसके आधार पर बच्चे का ब्लड प्रेशर की रेंज दी गई है। जैसे- नवजात शिशु में 60/40 मिमी. एचजी, एक साल में 80/60 मिमी. एचजी और उससे ऊपर नॉर्मल बच्चे में 90/60 मिमी. एचजी और 14-15 साल के बाद वयस्कों की नॉर्मल रेंज आ जाती है यानी 120/80 मिमी. एचजी। इनसे ज्यादा रेंज होने पर हाई ब्लड प्रेशर या हाइपरटेंशन की स्थिति मानी जाती है।

**ब्लड प्रेशर चेक कराना जरूरी:** अमेरिकन एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के अनुसार आमतौर पर सभी बच्चे 3 साल की उम्र तक रेग्युलर चेकअप के लिए पिडियाट्रीशियन डॉक्टर के पास जाते हैं। अन्य चेकअप्स के साथ उनका बीपी मापना कंपल्सरी है। अगर बीपी ज्यादा आता है, तो समय-समय पर यानी दो-तीन महीने में चेक कराना जरूरी है, क्योंकि जरूरी नहीं कि हाई ब्लड प्रेशर के सिंप्टप्स भी दिखें। अकसर यह साइलेंट किलर की तरह शरीर में धीरे-धीरे बढ़ता रहता है और बच्चे की हालत बिगड़ने के बाद ही पता चल पाता है।

**हाई बीपी के लक्षण:** बच्चे को सिरदर्द होना या चक्कर आना, देखने में दिक्कत हो रही है, पैरों में दर्द, लेग-क्रैंप्स होना, चलने या खेलने पर जल्दी थकान होना, पेट में दर्द होना, यूरिन करने में परेशानी होना, घबराहट होना, चिड़चिड़ापन होना, नींद न आना जैसी समस्याएं हो सकती हैं।

**क्या होते हैं कारण:** बच्चों में हाई बीपी के कई कारण हो सकते हैं जैसे-जेनेटिक या फैमिली हिस्ट्री होना। जन्मजात हार्ट की बनावट में खराबी होना जैसे- एओर्टा आर्टरीज (महाधमनी) में संकुचन होना। हार्ट मसल्स का कमजोर होना। हार्ट आर्टरीज पर प्रेशर पड़ने से उनके अंदर की लाइनिंग ब्लॉक होना। किडनी की आर्टरीज का ठीक से न बना होना या संकुचित होना। बुखार की वजह से शरीर की ब्लड वेसल्स में सूजन आना। गलत खान-पान जैसे- सोडियम रिच फास्ट या जंक फूड्स या फैटी फूड का अधिक सेवन, नमक का सेवन अधिक करना। अनियमित और आरामपरस्त जीवनशैली। फिजिकल एक्टिविटीज या रेग्युलर एक्सरसाइज की कमी। पढ़ाई और करियर को लेकर तनाव होना।



**क्या होता है असर:** बच्चे में अगर लंबे समय तक हाई ब्लड प्रेशर रहता है, तो उसके कारण हार्ट में हाइपरट्रॉफी की समस्या हो जाती है। इसमें हार्ट मसल्स की थिकनेस बढ़ जाती हैं, जिससे हार्ट की पंपिंग पर असर पड़ता है या डायस्टोलिक फंक्शन धीरे-धीरे कम हो जाता है। ब्रेन, हार्ट, आइज, किडनी को नुकसान पहुंचने की संभावना रहती है। बढ़ा हुआ बीपी धीरे-धीरे हार्ट की धमनियों पर दबाव डालता है, जिससे हार्ट डिजीज होने या हार्ट अटैक होने की आशंका रहती है। आर्टरीज फट सकती हैं और उनमें क्लॉटिंग होने से ब्रेन हैमरेज या ब्रेन स्ट्रोक हो सकता है। किडनी डैमेज होने का खतरा बढ़ जाता है।

**क्या है उपचार:** अगर ब्लड प्रेशर बार-बार हाई आ रहा हो या उसकी हार्ट की पंपिंग कम हो रही हो तो बच्चे को ज्यादा एक्टिविटीज करने से मना किया जाता है और उसे आईवी यानी नस के माध्यम से मेडिसिन दी जाती हैं। बच्चे के नॉर्मल होने पर ओरल लिक्विड मेडिसिन पानी में मिलाकर दी जाती है। साथ ही डॉक्टर मरीज को यथासंभव लाइफस्टाइल मॉडीफिकेशन करने की भी सलाह देते हैं जैसे- बीपी रेग्युलर चेक कराने, प्रोसेस्ड जंक फूड या ऑयली फूड से परहेज, कम नमक वाला खाना खाने, रेग्युलर कार्डियक एक्सरसाइज करना।

मेडिसिन आमतौर पर लंबे समय तक चलती हैं लेकिन कई मामलों में बच्चे का ब्लड प्रेशर नॉर्मल हो जाता है या फिर हार्ट की बनावट में सुधार होने या किडनी की बीमारी ठीक होने के बाद बीपी कंट्रोल में आ जाता है। ऐसी स्थिति में बच्चे की मेडिसिन डॉक्टर के सुपरविजन में धीरे-धीरे बंद कर दी जाती हैं। पैरेंट्स को रेग्युलर डॉक्टर के संपर्क में रहना चाहिए। मेडिसिन लेने में किसी तरह की लापरवाही नहीं बरतनी चाहिए। *

प्रस्तुति: रजनी अरोड़ा

### बच्चों को हाइपरटेंशन से बचाने के उपाय



**रेग्युलर हेल्थ** चेकअप और लाइफस्टाइल मॉडिफिकेशन से बच्चों को हाइपरटेंशन की गिरफ्त में आने से बचाया जा सकता है। फैमिली हिस्ट्री होने या प्रेगनेंसी के दौरान सामान्य अल्ट्रासाउंड में बच्चे के हार्ट की बनावट या मसल्स में थिकनेस होने की आशंका हो तो प्रेगनेंसी के 18-24 सप्ताह के बीच फीटल इकोकार्डियोग्राफी अल्ट्रासाउंड टेस्ट कराएं, ताकि पता चलने पर पैरेंट्स पहले ही केयरफुल हो सकें। अस्पताल से डिस्चार्ज होने से पहले पीडियाट्रिशियन डॉक्टर द्वारा नवजात शिशु के हार्ट या किडनी की बनावट और ब्लड प्रेशर की जांच जरूर की जानी चाहिए। सभी बच्चों का 3 साल से कम उम्र में ब्लड प्रेशर जरूर चेक कराएं। बच्चे का रुटीन चेकअप कराने या इम्यूनाइजेशन के लिए जाएं, तो उसका ब्लड प्रेशर जरूर चेक करवाएं। घर के बने संतुलित और पौष्टिक आहार का सेवन करें। यथासंभव बच्चों को फास्ट फूड, जंक फूड, प्रोसेस्ड फूड, वसायुक्त आहार से दूर रखें। सीमित मात्रा में नमक का सेवन की आदत डालें। खासकर टेबल सॉल्ट यानी ऊपर से नमक मिलाना अवॉयड करें। बच्चों को ज्यादा नमक वाली चीजें जैसे- पैकेज्ड फूड, आचार, पापड़, चिप्स, बिस्कुट, नमकीन, सॉस कम दें। टीवी और मोबाइल स्क्रीन का समय सीमित करने, सेडेंटरी लाइफस्टाइल से दूर रहने और रोजाना क्षमतानुसार फिजिकल एक्टिविटीज वाले गेम खेलने या एक्सरसाइज करने के लिए बच्चों को प्रेरित करें। माता-पिता अगर हाई बीपी की समस्या से पहले से पीड़ित हैं, तो गर्भावस्था में बच्चे को इसका शिकार होने से बचाने के लिए डॉक्टर की सलाह जरूर लें।

**हर्बल जोन**

रेखा देशराज

## गर्मी में अमृत जैसा है पुदीना



इन दिनों देश के अधिकांश हिस्सों में गर्मी खूब पड़ रही है। तेज धूप, लू के थपेड़े, बढ़ता तापमान और शरीर में पानी की कमी, ये सब ऐसी स्थितियां हैं जो कई शारीरिक समस्याएं पैदा कर देती हैं। इनमें पुदीना का सेवन कारगर है। यूं तो पुदीना कोई भी मौसम हो, यह स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है, लेकिन गर्मियों में तो मानो यह अमृत जैसा वरदान है। इसकी तासीर ठंडी होती है, जो गर्मियों में शरीर की गर्मी को शांत करने के लिए बहुत उपयोगी है। इसलिए पुदीने का इन दिनों तरह-तरह से उपयोग किया जा सकता है।

**जब तापमान बढ़ जाए:** गर्मी में कई बार शरीर का भी तापमान बढ़ जाता है। इस स्थिति को अगर काबू न किया जाए तो सिर्फ तबीयत खराब हो सकती है। जब किसी के शरीर में गर्मी बढ़ जाती है, तो उसे ठंडा करने के लिए पुदीने का कई तरह से उपयोग किया जाता है। पुदीने की शिकंजी पी सकते हैं। पुदीने के रस से शरीर की मालिश की जा सकती है। कच्चे आम के पने में ढेर सारी पुदीने की पत्तियां पीसकर मिला सकते हैं, जो शरीर के गर्म तासीर को ठंडा करती हैं। पुदीने को पीसकर या इसकी चटनी बनाकर शर्बत के साथ पेट भरकर पीने से राहत मिलती है। दिन में छह-सात पुदीने की शिकंजी पी लेने से गर्मी दूर हो जाती है।

**डिहाइड्रोशन से बचाव:** गर्मियों में पसीना बहुत आता है, पसीना आने से शरीर में पानी कम हो जाता है। इससे डिहाइड्रोशन की समस्या हो जाती है। ऐसी स्थिति में भी पुदीने का शर्बत, पुदीने की शिकंजी रामबाण की तरह कारगर साबित होती है। यह न केवल शरीर को हाइड्रेट रखता है बल्कि शरीर के इलेक्ट्रोलाइट संतुलन को बनाए रखने में भी मदद करता है।

**पेट दर्द से राहत:** गर्मी में अकसर भूख कम लगती है और रह-रहकर पेट दर्द होता है। वास्तव में यह कमजोर पाचनतंत्र का नतीजा होता है। ऐसे में पुदीने के अर्क को बतासे के साथ या शिकंजी के साथ लेने से पेट का दर्द खत्म हो जाता है। पाचनतंत्र मजबूत होता है, जिससे भूख लगने लगती है। पुदीना पाचन को बेहतर तो बनाता ही है, यह शरीर को गैस और एसिडिटी से भी राहत देता है।


**त्वचा का रखवाला:** गर्मी में जहां पुदीना पेट और पाचन संबंधी कई समस्याओं से राहत देता है, वहीं गर्मी में शरीर की सूखी, मुरझायी और झुलस गई त्वचा के लिए भी यह बहुत काम की हर्ब है। चूंकि पुदीना त्वचा को ठंडक देता है, जिस कारण त्वचा में नमी बनी रहती है। यह त्वचा को साफ और स्वस्थ रखने में बहुत मददगार है। *

**डॉक्टर्स सजेशन**



डॉ. आर. पी. सिंह सीनियर फिजिशियन, एनसीआर

## जब बार-बार हो गले में इंफेक्शन



**मेरी उम्र 32 वर्ष है। मेरी आवाज अकसर बैठ जाती है। गले में खराश और दर्द भी रहता है। कृपया मेरी इस प्रॉब्लम का कोई परमानेंट सॉल्यूशन बताएं।**

**-रोहित, बिलासपुर**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपका गला बहुत ही ज्यादा सेंसिटिव है और थोड़ा-सा भी ठंडा-गर्म होने पर समस्या शुरू हो जाती है। इसलिए बगैर फिजिकली देखे तो कुछ भी ट्रीटमेंट बताना ठीक नहीं होगा। एक बार ईएनटी विशेषज्ञ से संपर्क कर लें। वो फिजिकल गले की जांच करेंगे, अगर जरूरत पड़ी तो कुछ टेस्ट भी कराएंगे और फिर ट्रीटमेंट शुरू करेंगे। फिलहाल आप फ्रिज में रखी या बाजार में मिलने वाले ठंडे आइटम बिल्कुल ना खाएं।

**मेरी उम्र 58 वर्ष है। छह महीने पहले मेरे पैर में हेयरलाइन फ्रेक्चर हुआ था। बैंडेज उतरने के बाद फिजियोथेरेपिस्ट से एक्सरसाइज भी किया था। अब भी फ्रेक्चर वाली जगह पर दर्द होता है और चलने-फिरने में भी तकलीफ होती है। कृपया बताएं कि ऐसे में मुझे क्या करना चाहिए?**

**-महेंद्रपाल, हिसार**

आपको एक बार ऑर्थोपेडिक डॉक्टर से संपर्क कर लेना चाहिए। वो दोबारा से उसी जगह का एक्सरे कराएंगे, जिससे पता चलेगा हड्डी ठीक से जुड़ी है या नहीं। दर्द का क्या कारण है। बगैर एक्स-रे कराए कुछ भी करना ठीक नहीं है। फिलहाल अधिक चलना-फिरना बिल्कुल ना करें, ना ही वज़न उठाएं।

**मेरी उम्र 29 वर्ष है। मेरी आंखों के नीचे डार्क सर्कल्स हो गए हैं। और स्किन भी सूजी हुई है। कई तरह की होम-रेमिडीज ट्राई करने पर भी कोई असर नहीं हुआ। कृपया इसका कोई इफेक्टिव सॉल्यूशन बताएं।**

**-जीवन, महासमुंद**

आपको एक बार जनरल फिजिशियन से संपर्क कर जांच करानी चाहिए। कई बार शरीर में खून की कमी की वजह से इस तरह की परेशानी आती है। अगर आपका एचबी नॉर्मल है तो डॉक्टर फिजिकली चेकअप कर ट्रीटमेंट शुरू करेंगे। बगैर डॉक्टर से संपर्क किए बाजार से कोई भी दवा ना लें।

**मेरी उम्र 45 वर्ष है। देर तक बैठने के बाद मेरे घुटनों में जकड़न महसूस होने लगती है और चलने-फिरने पर घुटनों से टक-टक की आवाज आती है। कृपया मेरी इस समस्या का समाधान बताने का कष्ट करें।**

**-रमेश, भोपाल**

आपकी समस्या सुनकर ऐसा लग रहा है कि आपके जॉइंट्स में गैप बढ़ रहा है, यह उम्र के साथ बढ़ता है, इसलिए चिंता की कोई बात नहीं है। इसका स्थाई समाधान एक्सरसाइज से होगा। इसके अलावा मौजूदा समय में विटामिन-डी की कमी भी लोगों में एक बड़ी वजह बन रही है। इसलिए आपको विटामिन-डी की दवा भी लेनी चाहिए।

**मेरी उम्र 63 वर्ष है। मैं अकसर कहीं रखी गई कोई चीज या बोली या सुनी हुई बात तुरंत ही भूल जाता हूं। प्लीज बताएं ऐसा क्यों होता है? कृपया इसका समाधान भी बताएं।**

**-कमलेंद्र, रायगढ़**

कुछ लोगों में उम्र बढ़ने के साथ मेमोरी लॉस की समस्या होने लगती है। इससे बचने के लिए आप ऐसे गेम खेलें, जिसमें दिमाग की एक्सरसाइज अधिक हो। इसका तरीका यही है, इससे आपको आराम मिलेगा।

**मेरी उम्र 39 वर्ष है। गर्मी के मौसम में मुझे पसीना बहुत आता है, अकसर बीपी लो हो जाता है। ऐसा क्यों होता है? कृपया इसका कोई उपचार बताएं।**

**-सुशांत, रायपुर**

गर्मी के मौसम में पसीना अधिक निकलता है, इसलिए बीपी लो की समस्या हो सकती है। इससे बचने के लिए आप अधिक से अधिक पानी पिएं और कोशिश करें कि तेज धूप में ना निकलें और निकलना ही है तो साथ में पानी की बोतल रखें और हर घंटे के अंतराल में पीते रहें। *

प्रस्तुति: रिचा पांडे


पाठक अपनी हेल्थ प्रॉब्लम्स से संबंधित सवाल sehatharibhoomi@gmail.com पर ई-मेल कर सकते हैं।

**प्रिकॉशन**

डॉ. माजिद अलीम

डिहाइड्रेशन को गर्मी में होने वाली आम स्वास्थ्य समस्या माना जाता है। लेकिन इसमें लापरवाही बरतने पर पेशेंट की कंडीशन बिगड़ भी सकती है। इस बार गर्मी ज्यादा पड़ रही है, इसलिए और अधिक सावधान रहने की जरूरत है। आपके लिए उपयोगी सलाहें।

## डिहाइड्रेशन को न करें इग्नोर



मई की तपती दोपहरें हर साल आती हैं। हर साल मई-जून के महीने में देश के दो तिहाई हिस्से में लगता है कि जैसे आग बरस रही है। लेकिन इस बार स्वास्थ्य विशेषज्ञ बार-बार कह रहे हैं कि डिहाइड्रेशन को हल्के में न लें। दरअसल, इस साल अप्रैल से ही जिस तरह की गर्मी पड़ रही है, वैसी अब के पहले कभी नहीं पड़ी। ऐसे में डॉक्टर और स्वास्थ्य विशेषज्ञ डिहाइड्रेशन को लेकर यह चेतावनी इसलिए दे रहे हैं कि आमतौर पर लोग इसे सिर्फ पानी की कमी समझकर नजरअंदाज कर देते हैं। लेकिन जानकारों को आशंका है कि इस साल बढ़ते तापमान के साथ लू के थपेड़े पिछले सालों के मुकाबले ज्यादा खतरनाक हो सकते हैं। विशेषकर बदलती जीवनशैली और हाल के सालों में खान-पान में हुए व्यापक बदलाव के कारण डिहाइड्रेशन का खतरा अधिक बढ़ गया है।

**डिहाइड्रेशन बढ़ने की वजहें:** एक समय था जब लोग दिन में एकाध घंटे के लिए ही एसी में रहा करते थे। आज कुछ लोग घर के एसी कमरे से निकलते हैं और दफ्तर में पूरे समय एसी में रहते हैं और शाम को फिर एसी की गाड़ी से बैठकर घर आकर एसी कमरे में ही रहते हैं। यह शरीर के लिए बेहद खतरनाक है, खासकर उन लोगों के लिए जिनकी जीवनशैली में यह हाल में ही शामिल हुई है यानी उनका शरीर एसी के लिए पहले से आदी नहीं रहा। एक नासमझी यह भी देखी जाती है कि लोग कई बार गर्मियों में कोल्ड ड्रिंक और चाय-कॉफी आदि को भी पानी का विकल्प मान लेते हैं। इसलिए ध्यान रखिए ये चीजें शरीर में पानी की कमी को पूरा नहीं करतीं बल्कि उसे बढ़ाती हैं यानी गर्मियों में चाय और कोल्ड ड्रिंक दोनो डिहाइड्रेशन के कारण भी बन सकते हैं।

**डिहाइड्रेशन के दुष्प्रभाव:** डिहाइड्रेशन का मतलब सिर्फ प्यास लगना नहीं है, यह शरीर में पानी और इलेक्ट्रोलाइट्स जैसे सोडियम, पोटैशियम की कमी का संकेत भी है। ऐसे में जब ये संतुलन बिगड़ता है तो शरीर के महत्वपूर्ण अंग प्रभावित होते हैं। सिरदर्द, थकान, रह-रहकर चक्कर आना, होंठ सूखना, त्वचा का गर्म होना तथा सूखना, ये सब डिहाइड्रेशन के संकेत हैं। अगर समय पर ध्यान न दिया जाए तो हीट स्ट्रोक या लू के चलते किडनी खराब हो जाती है और लोग बेहोश तक हो जाते हैं। इसलिए इन गर्मियों में प्यास न लगने पर भी दो घूंट पानी पीते रहें और जितना संभव हो ठंडे पानी को पीने से बचें। जहां तक सवाल यह है कि डिहाइड्रेशन किन लोगों के लिए ज्यादा खतरनाक है तो इसका जवाब है, बच्चे विशेषकर छोटे बच्चे, जो अकसर पानी पीना भूल जाते हैं, बुजुर्ग जिनके शरीर में पानी को बचाए रखने की क्षमता कम हो जाती है, फील्ड जॉब करने वाले लोग जिन्हें खुली धूप में काम करना पड़ता है तथा बीमार व्यक्ति, खासकर जो पहले से ही डायबिटीज या किडनी की समस्या से ग्रस्त हैं। ऐसे सभी लोग ज्यादा जोखिम में रहते हैं।



**डिहाइड्रेशन से बचने के उपाय:** गर्मी के मौसम में तरबूज, खीरा, खरबूजा जैसे फल खाएं। दही, छाछ और लस्सी जैसे पेय पदार्थ पीएं। हर 30 से 40 मिनट में थोड़ा पानी जरूर पी लें, भले प्यास लगी हो या न लगी हो। इन दिनों अपनी दिनचर्या में नीबू पानी, छाछ, नारियल का पानी और ओआरएस को शामिल करें। जबकि खाने में तला-भुना मसालेदार और बासी खाने को बिल्कुल दूर करें। दोपहर में 12 से 4 बजे तक कोशिश करें कि खुली धूप में न निकलना पड़े। साथ ही इस मौसम में हल्के, ढीले और सूती कपड़े पहनें। दिमाग को डिहाइड्रेशन से बचने के लिए ध्यान लगाएं, योगासन करें और सुबह ठंडे मौसम में लंबी-लंबी सांसें लेने का अभ्यास करें। अगर तेज बुखार आए या बहुत ज्यादा कमजोरी महसूस हो रही हो तो तुरंत डॉक्टर की मदद लें। *

# शोध, संवाद और बौद्धिक गतिविधियों से ही समाज में परिवर्तन संभवः कुठियाला

## पंचनद शोध संस्थान प्रज्ञा प्रवाह की प्रांत स्तरीय बैठक आयोजित

■ सभी जिलों के पदाधिकारियों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

पंचनद शोध संस्थान प्रज्ञा प्रवाह हरियाणा प्रांत की बैठक आयोजित की गई जिसमें प्रांत के सभी पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में विभिन्न शैक्षणिक, सामाजिक एवं वैचारिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई तथा संगठन की आगामी कार्य योजनाओं को लेकर विचार-विमर्श भी किया गया। बैठक पंचनद शोध संस्थान प्रज्ञा प्रवाह के अध्यक्ष प्रो. बृज किशोर कुठियाला की अध्यक्षता में आयोजित हुई। प्रो कुठियाला ने बैठक में शोध, संवाद और बौद्धिक गतिविधियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि पंचनद शोध संस्थान एवं प्रज्ञा प्रवाह भारतीय दृष्टि पर आधारित चिंतन को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर कार्य कर रहा है। युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति, इतिहास और राष्ट्रभाव से जोडन्े के लिए संगठित प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों के बीच निरन्तर एवं संयमित संवाद स्थापित करना संगठन का प्रमुख दायित्व है। बुद्धिजीवी एवं बुद्धिमान महिलाओं और पुरुषों को बुद्धिशील तथा बौद्धिक योद्धा के रूप में विकसित करना समय की आवश्यकता है। उन्होंने प्रत्येक अध्ययन केन्द्र में निरन्तर शोध कार्य संचालित करने पर बल देते हुए कहा कि वैचारिक जागरण और राष्ट्रहित की भावना सदैव सर्वोपरि रहनी चाहिए। उन्होंने 'इंडिया' के स्थान पर 'भारत' शब्द के प्रयोग तथा नामों के संक्षिप्तीकरण हिन्दी में लिखने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि पंचनद कोई जन-संगठन नहीं, बल्कि एक वैचारिक आन्दोलन है, जिसका मूल उद्देश्य समाज में सकारात्मक संवाद स्थापित करना है। बैठक में हरियाणा प्रांत के विभिन्न जिलों से आए शिक्षाविदों, शोधकर्ताओं, प्राध्यापकों एवं कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। प्रतिभागियों ने संस्थान की गतिविधियों, शोध परियोजनाओं तथा आगामी कार्यक्रमों को लेकर अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए। इस अवसर पर पंचनद शोध संस्थान प्रज्ञा प्रवाह हिसार के अध्यक्ष डॉ जगबीर सिंह, संरक्षक ज्ञानचंद बंसल तथा विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारी उपस्थित रहे।



हिसार। बैठक को संबोधित करते प्रो. बी.के कुठियाला। फोटो : हरिभूमि


हिसार। शिविर के दौरान उपस्थित अधिकारी व कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

## कर्मचारियों की सुविधा के लिए नेत्र जांच शिविर

हिसार। बिजली निगम के बालसमंद सब डिवीजन में बुधवार को कर्मचारियों के लिए आई क्यू हॉस्पिटल द्वारा आंखों का कैंप लगाया गया। कैंप में 50 से अधिक कर्मचारियों की आंखों की जांच हुई व निशुल्क दवाइयां दी गई। उपमंडल अधिकारी धर्मवीर ने बताया कि समय-समय पर कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच के लिए शिविरों को आयोजन होता रहता है ताकि कर्मचारियों में स्वास्थ्य से संबंधी कोई दिक्कत हो तो उसका इलाज करवा सके। बिजली कर्मचारी यूनियन नेता प्रदीप लौरा ने बताया कि एसडीओ की यह बहुत अच्छी पहल है सभी सब डिविजनों में कैंप लगवाएं जाएंगे और अन्य डॉक्टर को भी बुलाकर कर्मचारियों की जांच करवाई जाएगी, ताकि समय रहते उपचार करवा सकें। इस मौके पर योगेश जेई, भूपेंद्र रेड्डू, विकास झाझडिया, विकास जेई, पवन फोरमैन, शुभम, पवन, गौरव, अनिल, दिनेश, नरेश शर्मा आदि मौजूद थे।

### पुलिस ने तीन अवैध पिस्तोल सहित युवक पकड़ा

हिसार। डोगरान मोहल्ला पुलिस चौकी प्रभारी सहायक उप निरीक्षक सुभाष के नेतृत्व में पुलिस टीम ने अवैध हथियार रखने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस टीम ने आरोपी से तीन अवैध पिस्तोल बरामद किए हैं। आरोपी की पहचान सैनियान मोहल्ला के वाल्मीकि चौक निवासी अतिकाई उर्फ सावन के रूप में हुई। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से 32 बोर के तीन अवैध पिस्तोल बरामद हुए। पुलिस जांच कर रही है कि आरोपी ये अवैध हथियार कहां से लाया था और इनका उपयोग किस उद्देश्य के लिए किया जाना था।

## खबर संक्षेप

### अवैध हथियार के साथ पकड़े गए आरोपी को जेल भेजा

हिसार। सीआईए प्रभारी करण के नेतृत्व में पुलिस टीम ने एक युवक को अवैध हथियार सहित काबू किया है। आरोपी की पहचान सुलखनी निवासी अजय कुमार उर्फ गडूस के रूप में हुई है। आरोपी को धांसू से सुलखनी रोड पर पैदल जाते समय काबू किया गया। पुलिस के अनुसार सीआईए के उप-निरीक्षक सुरेंद्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर आरोपी को काबू करके उससे 32 बोर पिस्तोल बरामद की। पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव धांसू बस स्टेंड पर थी, तभी गुप्त सूचना मिली कि आरोपी अवैध हथियार के साथ सुलखनी की तरफ जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने फौरन छापेमारी कर आरोपी को धर दबोचा। आरोपी को अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### दुकान में अवैध शराब बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार किया

हिसार। आजाद नगर पुलिस ने नवदीप कॉलोनी स्थित उमेद विहार स्थित एक दुकान में अवैध रूप से शराब बेचने वाले को गिरफ्तार किया है। आरेपी की पहचान अंकित के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार सहायक निरीक्षक अशोक ने उक्त आरोपी को उसकी दुकान से रंगे हाथों गिरफ्तार किया। दुकान की तलाशी लेने पर काउंटर के नीचे से दो पेटी गत्ता मार्का माल्टा मस्ती बरामद हुई। इन दोनों पेटियों में कुल 24 बोतल देशी शराब बरामद की गई।

### 635 वाहनों को चेक कर 129 का किया चालान

हांसी। जिला ट्रैफिक पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर बुधवार को विशेष सघन जांच अभियान चलाया गया। पुलिस प्रवक्ता संदीप शर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान शहर के प्रमुख चौक-चौराहों, बाजारों, मुख्य मार्गों तथा संवेदनशील स्थानों पर पुलिस टीमों द्वारा व्यापक स्तर पर नाकाबंदी एवं वाहन चेकिंग की गई। इस दौरान कुल 635 वाहनों की जांच की गई, जिनमें यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले 129 वाहन चालकों के चालान किए गए। इन चालानों में बिना नंबर प्लेट के 14, ओवरस्पीड के 14, बिना सीट बेल्ट 1, बिना हेलमेट 10 तथा ड्रिंक एंड ड्राइव का 1 चालान सहित विभिन्न यातायात नियमों के उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के चालान किए गए।

### युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

आदमपुर। रविदास नगर में गत रात्रि लगभग 35 वर्षीय युवक ओमप्रकाश ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्राप्त जानकारी अनुसार युवक तेल निकालने का कार्य करता था। गत दिवस उसने एक वीडियो जारी करके तीन लोगों पर परेशान करने का आरोप लगाया था। कुछ समय बाद अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बाद में परिजनों को पता चलने पर आसपास के लोगों एवं पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को नीचे उतारा व अस्पताल पहुचाया जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### ब्लूमिंग चाइल्ड स्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन

हिसार। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परिणाम में ब्लूमिंग चाइल्ड सीनियर सेकेंडरी स्कूल, जाखोद खेड़ा के विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय एवं अभिभावकों का नाम रोशन किया। विज्ञान संकाय में छात्र यश कुमार ने 96 फीसद अंक लेकर प्रथम स्थान प्राप्त किया। आरजू ने 95.6 फीसद अंक लेकर द्वितीय तथा प्रीति ने 91.6 फीसद अंक लेकर तृतीय स्थान हासिल किया। वाणिज्य संकाय में निक्षित कुमार ने 92.6 फीसद के साथ प्रथम, ममता ने 86.8 फीसद ने द्वितीय तथा यमन ने 85 फीसद अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। कला संकाय में योगेश शर्मा ने 97.2 फीसद अंकों के साथ पहला, पुष्पा ने 96.4 फीसद अंकों के साथ द्वितीय और रुजुल ने 95.4 फीसद अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। स्कूल डायरेक्टर सुरेंद्र श्योरान ने विद्यार्थियों व स्कूल स्टाफ का बधाई दी है।

## हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल में दो दिवसीय दंत जांच शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए दो दिवसीय दंत जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यालय के सभी विद्यार्थियों के दांतों की गहनता से जांच की गई। दंत चिकित्सक डॉ. संदीप एवं उनकी टीम ने विद्यार्थियों का परीक्षण कर दांतों में पाई गई कमियों व समस्याओं की विस्तार से जानकारी दी। साथ ही उचित उपचार एवं भविष्य में दांतों को स्वस्थ रखने के लिए आवश्यक सुझाव भी दिए गए। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डॉ. संदीप ने विद्यार्थियों को नियमित रूप से सुबह-शाम ब्रश करना, अत्यधिक मीठे खाद्य पदार्थों से बचना तथा समय-समय पर दांतों की जांच करवाना बहुत आवश्यक है। विद्यालय प्राचार्य अनिल कुमार ने डेंटल हॉस्पिटल की टीम का आभार व्यक्त किया।


हांसी। शिविर में विद्यार्थियों के दांतों की जांच करते डॉ. संदीप कुमार।

## गुजवि में ईयूईआईसी के प्रतिनिधिमंडल का दौरा

■ अंतरराष्ट्रीय शैक्षणिक सहयोग को मिलेगा नया आयाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की अंतरराष्ट्रीय पहचान लगातार मजबूत हो रही है। विश्व स्तर के प्रतिष्ठित संस्थान गुजवि के साथ सहभागिता बढ़ा रहे हैं। इसी दिशा में यूरोपियन यूनियन एंगेजमेंट एंड इंफॉर्मेशन सेंटर (ईयूईआईसी) के प्रतिनिधि मंडल ने विश्वविद्यालय का दौरा किया। प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व जसमीत सैनी, संस्थापक एवं चेयरमैन, ईयूईआईसी तथा सीए मनोज चौहान, प्रेसिडेंट एवं चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर, ईयूईआईसी ने किया। प्रतिनिधिमंडल ने विश्वविद्यालय के उच्चाधिकारियों के साथ एक बैठक की। विश्वविद्यालय के कुलपति कार्यालय के कमेटी हॉल में हुई इस महत्वपूर्ण बैठक की अध्यक्षता कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने की। बैठक में कुलसचिव डॉ. विजय कुमार, प्रो. विनोद छोकर, प्रो. संजीव कुमार, प्रो. खुजान सिंह, प्रो. यशपाल सिंगला, डॉ. प्रियंका तथा डीन इंटरनेशनल अफेयर्स प्रो. ओम प्रकाश सांगवान सहित विश्वविद्यालय के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई ने कहा कि गुजविप्रौवि वैश्विक स्तर पर शैक्षणिक और शोध सहयोग को सुदृढ़ करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। यूरोपीय संस्थानों के साथ संभावित साझेदारी विद्यार्थियों, शोधार्थियों एवं शिक्षकों को अंतरराष्ट्रीय एक्पोजर प्रदान करेगी तथा विश्वविद्यालय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में सहायक सिद्ध होगी।


हिसार। यूरोपियन यूनियन एंगेजमेंट एंड इंफॉर्मेशन सेंटर (ईयूईआईसी) के प्रतिनिधि मंडल के अधिकारियों को सम्मानित करते कुलपति प्रो. नरसी राम बिश्नोई।

### नीरज प्रधान व सतेंद्र बने सचिव

हिसार। भारतीय मजदूर संघ से संबंधित अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ हरियाणा हेड ऑफिस की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता नीरज तारा ने की, जबकि मंच संचालन सतेंद्र यादव द्वारा किया गया। इस मौके पर वर्ष 2026-27 के लिए नई कार्यकारिणी का सर्वसम्मति से गठन किया गया। नई कार्यकारिणी में नीरज तारा को प्रधान, रविन्द्र शेखावत को उपाध्यक्ष, सतेंद्र यादव को सचिव, मनीषा देवी को सह-सचिव, हरीश भट्ट को कैशियर, संदीप घोड़ेला को प्रेस सचिव, सलीम खान को संगठनकर्ता तथा संदीप चौहान को सलाहकार नियुक्त किया गया। कार्यकारिणी सदस्यों के रूप में अशोक कुमार, आनन्द, सुन्दर सैनी, नीतू रानी, सोनू शर्मा, मुकेश हंशु तथा रामनिवास जांगड़ा को चुना गया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यकारिणी से प्रदेश महासचिव जीवन ठाकुर, प्रदेश कार्यकारी उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष ओमबीर यादव, प्रदेश सचिव राजेश कुमार तथा प्रदेश प्रेस सचिव रवि श्रीवास्तव सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## प्रथम उपचार एवं आपदा प्रबंधन का ज्ञान प्रत्येक विद्यार्थी के लिए अत्यंत आवश्यक : प्रो. वर्मा

■ लुवास में प्रथम उपचार एवं आपदा प्रबंधन पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

लाला लाजपत राय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय (लुवास) में छात्र कल्याण निदेशालय की ओर से प्रथम उपचार एवं आपदा प्रबंधन विषय पर एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। कुलपति डॉ. विनोद कुमार वर्मा के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम का संचालन निदेशक छात्र कल्याण डॉ. संदीप कुमार गुप्ता ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.(डॉ.) विनोद कुमार वर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रथम उपचार एवं आपदा प्रबंधन का ज्ञान प्रत्येक विद्यार्थी के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आपातकालीन परिस्थितियों में सही समय पर दी गई सहायता किसी व्यक्ति का जीवन बचा सकती है। शिविर में मुख्य वक्ता के रूप में जिला रेड क्रॉस से विनोद कुमारी एवं कुलदीप सोनी उपस्थित रहे। निदेशक छात्र कल्याण डॉ. संदीप कुमार गुप्ता ने कहा कि इस प्रकार के प्रशिक्षण विद्यार्थियों को आपदा एवं आपातकालीन परिस्थितियों में अधिक सक्षम बनाते हैं तथा जीवन रक्षक कौशल विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।


हिसार। कार्यक्रम को संबोधित करते कुलपति प्रो. विनोद कुमार वर्मा।

### शादी समारोह में दिलवाई जाएगी बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की शपथ

हिसार। जिले में लिंगानुपात में सुधार तथा भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक बुराई पर रोक लगाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में बुधवार को लघु सचिवालय स्थित वीसी सभागार में अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद की अध्यक्षता में पुलिस, स्वास्थ्य एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद ने कहा कि जिले में आयोजित होने वाले प्रत्येक शादी समारोह में पंडित, मौलवी एवं ग्रंथियों द्वारा नवविवाहित जोड़ों को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ तथा भ्रूण हत्या न करवाने जैसे सामाजिक संकल्पों की शपथ दिलवाई जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे जागरूकता अभियानों के दौरान आमजन को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान के प्रति जागरूक किया जाए, ताकि समाज में बेटियों के सम्मान और सुरक्षा को लेकर सकारात्मक वातावरण तैयार हो सके। बैठक में सीएमओ डॉ. सपना गहलावत, डिप्टी सीएमओ सुभाष खतरेजा, डिप्टी सीएमओ अनामिका बिश्नोई, डीएसपी श्रद्धा सिंह तथा महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी मंजू राणा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### मंत्री रणबीर गंगवा आज लेंगे बिजली निगम के अधिकारियों की बैठक

हिसार। बरवाला हलके के विभिन्न विकास कार्यों को लेकर हरियाणा के लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा वीरवार को दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के अधिकारियों की बैठक लेंगे। बैठक में विभिन्न क्षेत्रों के विकास कार्यों, परियोजनाओं तथा कैबिनेट मंत्री द्वारा ऐच्छिक ग्रांट से मंजूर किए गए विभिन्न कार्यों की समीक्षा की जाएगी। इसके अलावा बरवाला क्षेत्र में बिजली प्रणाली से संबंधित लंबी अवधि की परियोजनाओं की रूपरेखा भी तैयार की जाएगी।

## 10.56 ग्राम हेरोइन सहित एक युवक गिरफ्तार

नारनौंद। सीआईए-वन की टीम ने कार्रवाई करते हुए एक युवक को नशीला पदार्थ हेरोइन (चिट्टा) सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सीआईए में तैनात एएसआई राजेन्द्र कुमार ने बताया कि पुलिस टीम सूचना मिली कि गांव सुलचानी निवासी विक्रम सरकारी स्कूल सुलचानी तालाब के सामने नशीला पदार्थ बेचने की फिराक में खड़ा है। पुलिस टीम जब सरकारी स्कूल सुलचानी तालाब के पास पहुंची तो एक युवक मोटरसाइकिल सहित खड़ा दिखाई दिया। पुलिस ने उसे काबू कर नाम-पता पूछा तो उसने अपना नाम विक्रम बताया। उसकी तलाशी लेने पर उसके कब्जे से एक पॉलिथीन बरामद हुआ, जिसमें 10.56 ग्राम चिट्टा मिला। पुलिस ने नशीले पदार्थ व मोटर साइकिल को कब्जे में लेकर आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। प्राथमिक पूछताछ के दौरान आरोपित से नशीले पदार्थ की खरीद-फरोख्त से संबंधित जानकारी जुटाई जा रही है।

### मोती बाजार हनुमान मंदिर में 16 को शनिश्चरी अमावस्या पर लगेगा विशाल भंडारा

हिसार। शहर के मध्य स्थित सिद्ध श्री हनुमान मंदिर मंडल ट्रस्ट, मोती बाजार में 16 मई को शनि महाराज का जन्म दिवस व शनिश्चरी अमावस्या धूमधाम से मनाई जाएगी। मंदिर के पुजारी पं. राजेश शास्त्री द्वारा इस दिन सुबह 9:15 बजे से काले तिल-उड़द व तेल से शनिदेव का अभिषेक करवाया जाएगा। उसके बाद 11 बजे आरती, भोग उपरांत मंदिर के बाहर पुरानी तहसील चौक में विशाल भंडारा चलाया जाएगा। भंडारे में पूरी-सब्जी, खीर व इमरती का प्रसाद वितरित किया जाएगा। मंदिर के प्रधान रमेश कुमार लोहिया व महासचिव अनूप गुप्ता ने बताया कि इस मंदिर की परम्परा है कि जो तेल एक बार शनि महाराज पर चढ़ाया जाता है, उसे बाजार में विक्रय नहीं किया जाता बल्कि उसे गरीब, जरुरतमंदों में या गौशाला में निःशुल्क दिया जाता है।

## बिजली और पानी की समस्या से को लेकर किसानों का प्रदर्शन

■ अधीक्षक अभियंता कार्यालय के समक्ष नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अपनी मांगों को लेकर जिले के कई गांवों के किसानों ने सिंचाई विभाग के अधीक्षक अभियंता कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन करके नारेबाजी की। इसमें लाडवा, गुंजार, दाहिमा, भोजराज, नलवा, बालावास, कंवारी, धमाना आदि गांवों के किसान शामिल हुए। धरने की अध्यक्षता रमेश मीरकां, सीताराम गुंजार व शमशेर नम्बरदार ने संयुक्त रुप से की।

इस अवसर पर किसानों ने कहा कि नलवा माइनर पर बिजली व जनरेटर की व्यवस्था न होने के कारण सिंचाई व पीने का पानी गांवों तक नहीं पहुंच पा रहा जिससे खेतों की सिंचाई नहीं हो रही और आम जन पीने का पानी खरीदने पर मजबूर हैं। सिंचाई न होने से किसान खेती से और पशु पालक पशु पालन से वंचित हो रहा है। इसी कड़ी में किसानों का एक प्रतिनिधिंडल अधीक्षक अभियंता से मिला। उन्होंने आश्वासन दिया कि दो महीने में नलवा माईनर लिफ्टिंग स्टेशन को हॉट लाईन से जोड़ दिया जाएगा। धरने पर व प्रतिनिधिमंडल में डॉ. धर्मसिंह, अभयराम फौजी, कमला देवी, राजकुमार सरपंच दाहिमा, डॉ. ललित, रामानंद यादव, शिवकुमार सरपंच बालावास, राजकुमार ठोलेदार, रामनिवास गोदारा, राजपाल यादव, सुरेन्द्र मान आदि मौजूद रहे।

**बैठक** अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दिए सख्त निर्देश

## जनगणना कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, 31 तक कार्य पूरे करें अधिकारी

अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद ने कार्यों की प्रगति की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद ने बुधवार को लघु सचिवालय परिसर की तीसरी मंजिल पर स्थित एनआईसी वीसी सभागार में अधिकारियों की जनगणना को लेकर बैठक ली। बैठक में जनगणना कार्यों की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की गई तथा कार्यों को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनगणना कार्य में किसी प्रकार की लापरवाही या कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जो कर्मचारी अपने दायित्वों का सही प्रकार से निर्वहन नहीं कर रहे हैं अथवा कार्य में अनावश्यक देरी कर रहे हैं, उनके खिलाफ नियमानुसार कानूनी कार्रवाई अमल में लाते हुए एफआईआर दर्ज करवाई जाएगी। उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को ऐसे कर्मचारियों की रिपोर्ट तैयार करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मौजूदा चरण की जनगणना से संबंधित सभी कार्य 31 मई तक हर हाल में पूर्ण किए जाएं। इसके लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक में मंडल के जनगणना समन्वय अधिकारी डॉ राधा रमन, जिला जनगणना समन्वय अधिकारी सचिन गर्ग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।


हिसार। जनगणना को लेकर अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेते अतिरिक्त उपायुक्त उत्सव आनंद। फोटो : हरिभूमि

### हिसार-मंगाली-स्याहड़वा सड़क की होगी विशेष मरम्मत, लोगों को मिलेगी राहत

■ अत्यधिक जलभराव से खराब हुए मार्ग की मरम्मत को स्वीकृति

हिसार। हरियाणा सरकार ने अत्यधिक जलभराव से खराब हुए हिसार-मंगाली-स्याहड़वा सडक़ मार्ग की विशेष मरम्मत को स्वीकृति प्रदान कर दी है। लोक निर्माण एवं जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी मंत्री रणबीर गंगवा ने जानकारी देते हुए बताया कि इस सडक़ मार्ग की विशेष मरम्मत के लिए 3 करोड़ 9 लाख 24 हजार रुपये की राशि मंजूर की गई है। गत वर्ष हुई अत्यधिक बारिश और जलभराव के कारण यह सडक़ बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी, जिससे इस मार्ग से जुड़े अनेक गांवों के लोगों को आवागमन में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उन्होंने बताया कि सडक़ की खराब स्थिति के कारण ग्रामीणों को वैकल्पिक रास्ता अपनाना पड़ता था। अब इस सडक़ मार्ग की विशेष मरम्मत होने से क्षेत्र के लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

## माता-पिता ने लगाए मारपीट और हत्या की धमकी देने के आरोप

# शहीद निशांत के परिवार में जमीन को लेकर विवाद,थाने में हाथापाई

**विवाद के दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे कई पुलिस कर्मचारियों की वर्दी तक फट गई**



हांसी। शहीद निशांत मलिक के माता राजबाला व पिता जयबीर सिंह।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी

जमीन विवाद को लेकर शहीद निशांत मलिक के परिवार और उनके रिश्तेदारों के बीच विवाद इतना बढ़ गया कि मामला थाने तक पहुंच गया।

शहीद के माता-पिता ने आरोप लगाया है कि थाने के अंदर उनके साथ हाथापाई, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी गई। इस संबंध में शहीद निशांत मलिक की माता राजबाला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत देकर कार्रवाई की मांग की है। पुलिस अधीक्षक को दी शिकायत में उन्होंने बताया कि उनका अपने तीन देवरों के साथ घरेलू और जमीन संबंधी विवाद चल रहा है, जिसकी शिकायत पहले ही सदर थाना में दी जा चुकी थी।

इस मामले को लेकर वह डीएसपी से भी मिली थीं, जिन्होंने उन्हें सदर थाना एसएचओ से मिलने के लिए कहा था। राजबाला के अनुसार बुधवार दोपहर करीब 2 बजे उन्हें समझौते के लिए सदर थाना बुलाया गया था। उनका आरोप है कि वहां उनके देवरों के साथ एक रिटायर्ड पुलिस कर्मचारी भी मौजूद था। बातचीत के दौरान पहले गाली-गलौज हुई और फिर मामला हाथापाई तक पहुंच गया। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके साथ मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी भी दी गई। राजबाला का कहना है कि पूरी घटना थाने में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद है।

### भावुक मां बोलीं

भावुक होते हुए राजबाला कहा कि उनका बेटा देश के लिए शहीद हुआ था, लेकिन अब कुछ लोग उसकी जमीन और पैसे पर कब्जा करना चाहते हैं। वहीं शहीद के पिता जयवीर मलिक ने दावा किया कि विवाद के दौरान बीच-बचाव करने पहुंचे कई पुलिस कर्मचारियों की वर्दी तक फट गई। हालांकि मामले में जांच अधिकारी नरेंद्र ने कहा कि आपसी विवाद के चलते दोनों पक्षों में कहासुनी और हाथापाई हुई थी, लेकिन मौके पर ही मामला शांत करवा दिया गया। उन्होंने पुलिस कर्मचारियों की वर्दी फटने की बात से इनकार किया। दूसरी ओर सदर थाना प्रभारी ने कहा कि अभी तक उन्हें इस मामले में कोई लिखित शिकायत प्राप्त नहीं हुई है। शिकायत मिलने के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब रहे कि ढंढेरी गांव निवासी निशांत मलिक 11 अगस्त 2022 को रक्षाबंधन के दिन आतंकवादियों से मुकाबला करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए थे।

## मार्बल गोदाम से चोरी करने वाले दो काबू

हिसार। आजाद नगर थाना पुलिस ने डाबड़ा गांव स्थित मार्बल और ग्रेनाइट गोदामों में चोरी करने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आारोपियों में गांव के ही अजय व प्रीतम शामिल है।

थाना प्रभारी दलबीर ने बताया कि इस संबंध में ओम मार्बल एंड ग्रेनाइट के प्रोपराइटर कमल कुमार और राजस्थान मार्बल हाउस के प्रोपराइटर रामस्वरूप चौधरी ने पुलिस को शिकायत दी थी। शिकायत के अनुसार होली एंजल स्कूल के सामने स्थित उनके गोदामों से पिछले तीन महीनों से ग्रेनाइट पत्थर रखने के लोहे के स्टेंड चोरी हो रहे थे। आरोपियों ने करीब 32 जोड़ी लोहे के स्टेंड चोरी किए थे। चोरी के दौरान आरोपियों ने मार्बल पत्थरों की तोड़फोड़ भी की, जिससे करीब 2.50 से 3 लाख रुपये का आर्थिक नुकसान हुआ है।

जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली थी कि चोरी किए गए स्टेंड मॉडल टाउन की दयानंद कॉलोनी में एक कबाड़ी के पास मौजूद हैं। इसी सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना क्षेत्र से दोनों आरोपियों को काबू कर गिरफ्तार कर लिया। चोरी शुदा 16 मार्वल लोहे के स्टेंड सामान बरामद कर लिए गए हैं। आरोपियों से पूछताछ करते हुए उनके पुराने आपराधिक रिकॉर्ड को खंगाला जा रहा है ताकि अन्य वारदातों का पता लगाया जा सके।

## खबर संक्षेप

### जैन गर्ल्स स्कूल का रिजल्ट शत प्रतिशत

हिसार। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं कक्षा के परिणाम में जैन स्कूल की छात्राओं ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय एवं अभिभावकों का नाम रोशन किया। गत वर्ष की तरह इस बार भी परिणाम अत्यंत सराहनीय रहा। विद्यालय की छात्रा हिमांशी वर्मा पुत्री सतीश कुमार ने 464 अंक प्राप्त कर 92.8 फीसद अंकों के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं खुशी गर्ग पुत्री सुरेंद्र गर्ग एवं साहिना पुत्री श्यामलाल ने 463 (92.6) अंक प्राप्त कर सयुक्त रूप से द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रीति पुत्री धर्मपाल ने 448 (89.9)अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया । अन्य छात्राओं का भी उत्कृष्ठ प्रदर्शन रहा। विद्यालय की 50 फीसदी छात्राओं ने 80 फीसद से अधिक अंक किए एवं अन्य सभी छात्राओं ने 70 फीसद से अधिक अंक प्राप्त प्रथम श्रेणी प्राप्त की। विषयवार प्रदर्शन में भी छात्राओं ने अपनी प्रतिभा दिखाई।

### राकवमा विद्यालय आर्य नगर की छात्राएं छाईं

हिसार। राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, आर्य नगर की छात्राओं ने हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की बारहवीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय की कुल 73 छात्राओं ने बारहवीं की परीक्षा दी, जिनमें से 41 ने बोर्ड मेरिट सूची में स्थान प्राप्त किया। 10 छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। सभी छात्राओं ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण कर विद्यालय की शैक्षणिक गुणवत्ता को प्रमाणित किया। विज्ञान संकाय की प्रतिभाशाली छात्रा प्रिया ने 97 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं कला संकाय की छात्रा पायल ने 96.2 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय स्थान प्राप्त किया। छात्राएं मुस्कान एवं किरण ने 94.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि छात्रा आरती ने 92 प्रतिशत अंक प्राप्त कर चौथा स्थान हासिल किया। विद्यालय की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन समिति एवं प्रधानाचार्य डॉ. अनिल यादव ने सभी को बधाई दी।

### राजकीय स्कूल सुलखनी का परिणाम शत-प्रतिशत

हिसार। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा घोषित 12वीं के परीक्षा परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सुलखनी का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की कला संकाय की छात्रा मुस्कान सुपुत्री जयबीर सिंह ने 86.6 प्रतिशत अंक लेकर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुस्कान सुपुत्री हवा सिंह ने 86.4 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय स्थान और माही सुपुत्री मेवा सिंह ने 84 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान हासिल किया। प्राचार्य राजकुमार श्योराण ने विद्यार्थियों, अभिभावकों को बधाई दी।

### गुजवि में लगाई गई मीठे पानी की छबील

हिसार। गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बुधवार को विश्वविद्यालय के विद्यार्थी सेवा स्क्वाड द्वारा एकादशी के पावन अवसर पर मीठे पानी की छबील लगाई गई। इसका शुभारंभ करते हुए कुलसचिव डॉ. विजय कुमार ने कहा कि छबील न केवल प्यास बुझाने का माध्यम है, बल्कि समानता, मानव सेवा और करुणा का संदेश भी देती है। इस अवसर पर कुलसचिव ने स्वयं छबील में सेवा दी। आयोजक डॉ. नेहा यादव ने बताया कि नचिकेता भट्ट, अक्षय यादव, ओमबीर सिंह, कुलदीप, प्रेम कुमार, भारत सोनी, अभिनव, अंकित यादव, आदित्य सैनी, हरप्रीत, लावन्या, पवन कुमार, विश्वजीत पांडेय सहित कई विद्यार्थियों ने छबील को सफल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक प्रो. यशपाल सिंगला व प्रो. देवेन्द्र कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## यदुवंशी शिक्षा निकेतन के विद्यार्थियों का शानदार रहा परीक्षा परिणाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हांसी



हांसी। विद्यालय के टॉपर विद्यार्थी।

यदुवंशी शिक्षा निकेतन की कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल कर क्षेत्र में शिक्षा के क्षेत्र में नया कीर्तिमान स्थापित किया है। विद्यालय के सभी 121 विद्यार्थियों ने परीक्षा में सफलता प्राप्त करते हुए संस्था का नाम गौरवान्वित किया। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न संकायों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। मेडिकल संकाय में रोनक ने 96.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त किया। नॉन-मेडिकल संकाय में खुशबू ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वहीं कॉमर्स संकाय में सुमित ने 94.8 प्रतिशत एवं अंजलि ने 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। विद्यालय प्राचार्य सुनील कुमार ने बताया कि विद्यालय के दो विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक व 11 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। 26 विद्यार्थियों ने 85 प्रतिशत से अधिक तथा 50 विद्यार्थियों ने 80 प्रतिशत से अधिक तथा 61 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यालय के चेयरमैन राव बहादुर सिंह, निदेशक विजय सिंह यादव, एडमिन हेड पृथ्वी राज यादव एवं प्राचार्य सुनील कुमार ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं स्टाफ सदस्यों को बधाई दी।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल का गौरवपूर्ण रहा 12वीं की बोर्ड परीक्षा का परिणाम

### रुद्राक्षी दलाल ने 99.4 फीसदी अंकों के साथ किया विद्यालय टॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

**तीनों संकायों में विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम**

दिल्ली पब्लिक स्कूल ने कक्षा 12 बोर्ड परीक्षा परिणाम में इस वर्ष भी उत्कृष्टता की नई मिसाल कायम की है। विद्यालय के विद्यार्थियों ने विज्ञान, वाणिज्य एवं कला तीनों संकायों में शानदार प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कला संकाय में रुद्राक्षी दलाल ने 99.4 फीसद अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में दीपिका ने 93.4 फीसद अंक अर्जित कर शीर्ष स्थान हासिल किया, जबकि विज्ञान संकाय में आरव गोयल ने 97.6 फीसद अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट उपलब्धि दर्ज की। विद्यालय के कुल 118 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी, जिसमें रुद्राक्षी ने पेंटिंग, समाजशास्त्र एवं मनोविज्ञान तीनों विषयों में 100 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि दर्ज की, जबकि आरती ने अंग्रेजी एवं राजनीति विज्ञान दोनों विषयों में 100 अंक अर्जित किए। संगीत विषय में निशिता एवं प्राची ने 100 अंक प्राप्त किए। चित्रकला विषय में इरा सिंह, रुद्राक्षी, काशिका, युवराज सिंह, आयांश सिंघल, दिव्या अहलावत, जशनप्रीत कौर, आरव गोयल, हार्दिका, ईशान जिंदल, मुस्कान एवं दीपिका ने पूर्ण 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। कुल 9 विद्यार्थियों ने 95 प्रतिशत से अधिक, 32 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से अधिक तथा 83 विद्यार्थियों ने 75 प्रतिशत से अधिक अंक अर्जित कर उत्कृष्ट सफलता प्राप्त की।

विद्यालय प्रधानाचार्य मंजु सुधाकर ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं शिक्षकों को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों की निरंतर मेहनत, शिक्षकों के समर्पण एवं अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है।

विद्यालय निदेशक निहाल सिंह ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। विद्यालय अध्यक्ष मुंशी राम ने भी विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि विद्यालय का यह शानदार परिणाम पूरे संस्थान के लिए गर्व का विषय है तथा भविष्य में भी विद्यार्थी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय एवं प्रदेश का नाम रोशन करते रहेंगे।

## आर्ट ऑफ लिविंग ने लगाया निःशुल्क शिविर

- दिव्यांगजनों को वितरित किए सहायक कृत्रिम उपकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार



हिसार। आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा दिव्यांग केंद्र में आयोजित नि:शुल्क शिविर के दौरान उपस्थित पदाधिकारी व सदस्यगण। फोटो : हरिभूमि

आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में निशुल्क नेत्र जांच शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में जिन बुजुर्गों की आंखों में सफेद मोतियाबिंद की शिकायत मिली उनका निशुल्क नेत्र ऑपरेशन आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा करवाया जाएगा। दिव्यांग केंद्र में पहले से पंजीकृत मरीजों का नेत्र ऑपरेशन भी निशुल्क होगा। आर्ट ऑफ लिविंग की स्थापना के 45 वर्ष पूर्ण होने और इसके संस्थापक श्री श्री रविशंकर के 70वें जन्मदिवस पर आयोजित किए गए शिविर में दिव्यांगजनों को कृत्रिम उपकरण भी निशुल्क उपलब्ध करवाए गए। मौके पर नगर निगम के मेयर प्रवीण पोपली मुख्यातिथि के रूप में मौजूद रहे। शिविर में आर्ट ऑफ लिविंग के स्टेट मीडिया कॉर्डिनेटर व शिक्षक नीरज कुमार गुप्ता, समीर सरदाना, नीरू सरदाना, अमित सिंघल, संजीव अरोड़ा, कशिश, दीपांशु, आर्ट ऑफ लिविंग के शिक्षक भारती मुंजाल व कृष्ण कुमार एवं हर्षा छाबड़ा ने शिरकत की।

## शिवालिक स्कूल का 12वीं का परीक्षा परिणाम रहा सौ फीसदी



अमृता।



बेबी।



सुप्रिया।

- अमृता पहले, बेबी दूसरे व सुप्रिया तीसरे स्थान पर रही

हिसार। बडवाली ढाणी स्थित शिवालिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल का 12वीं का बोर्ड परीक्षा परिणाम शानदार रहा। परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विद्यालय के 11 विद्यार्थियों ने बोर्ड मेरिट में स्थान पाया। विद्यालय में प्रथम स्थान अमृता ने 89 प्रतिशत अंक व द्वितीय स्थान बेबी ने 88 प्रतिशत अंक प्राप्त किए, जबकि तृतीय स्थान सुप्रिया ने 87.4 प्रतिशत अंक हासिल किए। चौथे स्थान पर मंजू ने 87 प्रतिशत तथा पांचवें स्थान पर अन्नू ने 84 प्रतिशत और वंशिका ने 82 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विषयवार उत्कृष्ट प्रदर्शन में सुप्रिया ने अंग्रेजी विषय में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर विशेष उपलब्धि हासिल की। अमृता ने फिजिकल एजुकेशन में 97 तथा पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में 96 अंक प्राप्त किए। बेबी ने फिजिकल एजुकेशन में 97 एवं पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन में 95 अंक प्राप्त किए। वहीं अन्नू ने पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन एवं फिजिकल एजुकेशन दोनों विषयों में 96-96 अंक प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया। विद्यालय के अनेक विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों में 90 से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय निदेशक दलबीर सिंह पंघाल एवं प्रधानाचार्य ने बधाई दी।

## हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल का सीबीएसई 12वीं का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत



मंजू



रितिका

हांसी। हिंदू सीनियर सेकेंडरी स्कूल का सीबीएसई कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम इस वर्ष भी शत-प्रतिशत रहा। शानदार परीक्षा परिणाम आने पर विद्यालय प्रबंधन, अभिभावकों एवं विद्यार्थियों में खुशी का माहौल है। विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। स्कूल प्राचार्य अनिल कुमार ने बताया कि विद्यालय की छात्रा मंजू ने 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं रितिका ने 92 प्रतिशत अंक लेकर द्वितीय तथा अनुराग ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान पर रहे। विद्यालय के शेष विद्यार्थियों ने भी प्रथम श्रेणी से परीक्षा पास कर अपने अभिभावकों एवं शिक्षकों का मान बढ़ाया। विद्यालय के प्राचार्य अनिल कुमार ने विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं अध्यापकों को बधाई देते हुए कहा कि यह विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग से ही यह उत्कृष्ट परिणाम संभव हो पाया है।

### ऋषि नगर में तृतीय विशाल श्री श्याम महोत्सव 24 को

हिसार। श्री श्याम प्रचार मंडल, ऋषि नगर द्वारा तृतीय विशाल श्री श्याम महोत्सव का आयोजन 24 मई को न्यू ऋषि नगर के कम्युनिटी सेंटर में आयोजित किया जाएगा।

## इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम की बजाय ट्यूलिप रिजॉर्ट में होगा कार्यक्रम

# से नो टू ड्रग्स मुहिम, 3 गाने होंगे लॉन्च

### बढ़ते रजिस्ट्रेशन के चलते कॉन्सर्ट का वेन्यू बदला

**हरियाणवी कलाकार अमन राज गिल और शिवा चौधरी इस कार्यक्रम की मुख्य प्रस्तुति देंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

युवाओं को नशे के खिलाफ जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित किए जा रहे से नो टू ड्रग्स लाइव कॉन्सर्ट को लेकर आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में आयोजकों ने कई बड़े अपडेट साझा किए। इस दौरान बताया गया कि कार्यक्रम में "से नो टू ड्रग्स" थीम पर आधारित तीन विशेष गाने लॉन्च किए जाएंगे, जिन्हें युवाओं तक एक एंथम की तरह पहुंचाने की तैयारी है ताकि संगीत के माध्यम से नशे के खिलाफ मजबूत संदेश दिया जा सके।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में रिगेलिया इवेंट्स की तरफ से कबीर कादयान, एक कदम जिंदगी की तरफ से राकेश खंडेलवाल और एचआईडीएम की तरफ से मनमोहन सिंगला मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि युवाओं के जबरदस्त रिस्पॉन्स और लगातार बढ़ती रजिस्ट्रेशन संख्या को देखते हुए 23 मई को होने वाला लाइव कॉन्सर्ट अब हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम की बजाय ट्यूलिप रिजॉर्ट में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का समय पहले की तरह शाम 6 बजे ही रहेगा। उन्होंने बताया कि हरियाणवी कलाकार अमन राज गिल और शिवा चौधरी इस कार्यक्रम की मुख्य प्रस्तुति देंगे। आयोजकों ने कहा कि कार्यक्रम के दौरान युवाओं को सामूहिक रूप से "से नो टू ड्रग्स" की शपथ दिलाई जाएगी।

## न्यूज डायरी



### रावमा विद्यालय लाडवा के विद्यार्थियों का शानदार प्रदर्शन

हिसार। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा घोषित कक्षा 12वीं के वार्षिक परीक्षा परिणाम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लाडवा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम 97 प्रतिशत दर्ज किया गया। विद्यालय की छात्रा मुस्कान ने 93.2 फीसद अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं छात्रा रवीना ने 85.6 फीसद अंकों के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया तथा छात्र आशीष ने 85 फीसद अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के 6 विद्यार्थियों ने बोर्ड मेरिट में स्थान बनाया, जबकि 29 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी में परीक्षा उत्तीर्ण की। इस अवसर पर लाडवा गांव के सरपंच रामफल पूनिया व प्राचार्या फूलवती लांबा ने शानदार परिणाम के लिए बधाई दी।

### सनातन धर्म कन्या विद्यालय का परिणाम शानदार



हांसी। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी द्वारा मंगलवार को घोषित कक्षा 12वीं सत्र 2025-26 के वार्षिक परीक्षा परिणाम में सनातन धर्म कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की प्राचार्या रेनू बंसल ने बताया कि इस वर्ष विद्यालय की 64 छात्राएं वार्षिक बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित हुईं। सभी छात्राएं उत्तीर्ण रहीं, जिनमें 27 छात्राओं ने बोर्ड मेरिट, 60 छात्राओं ने प्रथम श्रेणी तथा 9 छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। कला संकाय में चाहत ने 95.4 प्रतिशत के साथ प्रथम, काकुल ने 92.6 फीसद के साथ द्वितीय तथा गायत्री ने 91 फीसद अंक के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। वाणिज्य संकाय में रीतू ने प्रथम, रुहानिका ने द्वितीय व कीर्ति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं विज्ञान संकाय में पद्मिनी प्रथम, सारिका द्वितीय तथा डॉली ने तृतीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय व अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय संरक्षक सज्जन कुमार, प्रबंधक रजत अग्रवाल, अध्यक्ष प्रीतम कुमार गोयल, महामंत्री नकुल कुमार अग्रवाल व उपप्रबंधक ईश्वर कुमार गोयल व कोषाध्यक्ष लक्ष्मीकांत गोयल ने छात्राओं, अभिभावकों एवं समस्त विद्यालय स्टाफ को बधाई देते हुए छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### उत्कृष्ट रहा एसबीएस स्कूल माढा का परिणाम



नारनौंद। एसबीएस स्कूल माढा का हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 12वीं कक्षा का परीक्षा परिणाम शानदार रहा। इसमें कुल 85 विद्यार्थियों में से 20 विद्यार्थियों ने 90 प्रतिशत से ऊपर अंक हासिल किए तथा 65 विद्यार्थियों ने मेरिट प्राप्त की। इसमें कशिश, नीति व सुनैना ने 96 प्रतिशत अंकों के साथ पहला स्थान, तमन्ना तथा ईशु ने 95 प्रतिशत अंकों के साथ दूसरा तथा मुस्कान व टोनिका ने 93 प्रतिशत अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। स्कूल के डायरेक्टर डॉक्टर सुनील चहल ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी स्कूल का वार्षिक परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। उन्होंने बताया कि स्कूल पहले हरियाणा बोर्ड से था जिसका परिणाम हर वर्ष शानदार रहा। अबकी स्कूल इस 26- 27 सत्र से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड नई दिल्ली में चला गया है। जिसमें इसी तरह शानदार परीक्षा परिणाम रहने का विश्वास है। इस अवसर पर स्कूल में विजय, विकास, बलजीत, चिराग, हेमंत, नीतू, मंजू ,पूजा, रेखा, शारदा, कुसुम आदि मौजूद रहें।

### टैगोर स्कूल के चार छात्रों ने टॉप टेन में बनाई जगह



नारनौंद। हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड द्वारा जारी 12वीं कक्षा के परीक्षा परिणाम में टैगोर स्कूल नारनौंद के छात्रों ने विज्ञान,कला एवं वाणिज्य संकाय में शत प्रतिशत परिणाम दिया। विद्यालय के तीन छात्रों मुस्कान हैबतपुर ने 500 में से 489 अंक लेकर छठा, मुस्कान खेड़ी ने 488 अंक लेकर सातवां एवं कोमल मिर्चपुर ने 487 अंक लेकर विज्ञान संकाय की टॉप टेन सूची में अपना आठवां स्थान बनाया है। साक्षी राखी ने 491 अंक लेकर कला संकाय में बोर्ड की टॉप टेन में 9 वां स्थान पर रहीं। प्राची सिसाय ने 484 अंक लेकर विद्यालय के कॉमर्स संकाय को टॉप किया है। विद्यालय के 30 छात्रों ने 95 प्रतिशत से अधिक, 72 छात्रों ने 90 प्रतिशत से अधिक, 164 छात्रों ने 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। विद्यालय प्रबंधक तुषांत ने समस्त टैगोर परिवार को बधाई देते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### एचकेएसडी गर्ल्स स्कूल में 22 छात्राओं की मेरिट



हिसार। नागोरी गेट स्थित एचकेएसडी गर्ल्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल की बारहवीं कक्षा का आर्ट्स एवं कॉमर्स ग्रुप का परीक्षा परिणाम शत-प्रतिशत रहा। विद्यालय की 22 छात्राओं ने मैरिट प्राप्त की एवं शेष विद्यार्थी प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए। विषयवार भी छात्राओं ने अधिकतम अंक, गृह विज्ञान एवं फिजिकल एजुकेशन में 100 अंक, फाईन आर्ट में 98 अंक, पॉलिटिकल साइंस 97 अंक, हिंदी व अंग्रेजी में 96 अंक एवं बिजनेस स्टडी में 92 अंक प्राप्त किए। सात छात्राओं ने 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए। तृप्ति पुत्री वीरेन्द्र 477/500 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम रही। रीतिका पुत्री राजबीर ने 474/500 अंक लेकर द्वितीय व पलक पुत्री मुकेश कुमार ने 471/500 अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल की प्राचार्या रेनु मल्होत्रा ने सभी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### एसडी मॉडर्न स्कूल के विद्यार्थियों ने लहराया परचम



हांसी। एसडी मॉडर्न पब्लिक स्कूल का केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा को घोषित 12वीं का वार्षिक परिणाम शत-प्रतिशत रहा। जिसके अंतर्गत वाणिज्य संकाय से प्रथम स्थान पर चिराग तायल 94.2प्रतिशत, द्वितीय सुहानी 94 प्रतिशत तृतीय सानवी जिंदल 91.6 प्रतिशत, चतुर्थ स्थान पर सलोनी 91, पांचवें स्थान पर केशव 89.2 प्रतिशत, छठे स्थान पर मोहित सिंगला 86.2, सातवें स्थान पर कविका 85.4 प्रतिशत रहे। अर्थशास्त्र में चिराग तायल ने 97, राजनीति शास्त्र में सलोनी ने 95 अंक, हिस्ट्री मे 90 सलोनी,एकाउंटेंसी में केशव ने 97 अंक, बिजनेस स्टडीज में चिराग तायल ने 98 अंक, अंग्रेजी में सोनिया ने 93 अंक, शारीरिक शिक्षा में देव मलिक व मोहित सिंगला ने 93 अंक, बायोलॉजी में सागरिका ने 95 अंक, संगीत में सिमरन ने 99 अंक, पेंटिंग में 100 सुहानी, कशिश, सलोनी, सोनिया,समर्पित, दृष्टि,प्रिया व सागरिका ने 100 अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। शानदार परीक्षा परिणाम के लिए विद्यालय प्रबन्धक समिति के प्रधान सज्जन अग्रवाल, मैनेजर नकुल अग्रवाल, कैशियर चन्द्रभान गर्ग व सेक्रेटरी रजत अग्रवाल ने सभी विद्यार्थियों, शिक्षकों व अभिभावकों को हार्दिक बधाई दी।

### सेंट ज्योति राव फुले स्कूल का परिणाम रहा शानदार



हांसी। हनुमान कॉलोनी स्थित सेंट ज्योति राव फुले पब्लिक स्कूल का कक्षा 12वीं का परीक्षा परिणाम बेहद शानदार एवं गौरवपूर्ण रहा। विद्यालय के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्कूल तथा अपने अभिभावकों का नाम रोशन किया। विद्यालय की छात्रा निशा ने 95 फीसद अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं आस्था ने 94 फीसद अंक प्राप्त कर द्वितीय तथा पूजा ने 91 फीसद अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्कूल प्राचार्य सुनील कुमार ने बताया कि स्कूल छात्रा सुनैना ने फाइन आर्ट में 100 में से 100 अंक प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। छात्र नवीन एवं कमल ने फिजिकल एजुकेशन में 100 अंक प्राप्त किए। विद्यालय निदेशक अनिल कुमार एवं प्रधानाचार्य सुनील अरोड़ा ने सभी बच्चों, अभिभावकों एवं स्टाफ को बधाई दी।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, 783, पी.एल.ए., नजदीक टाउन पार्क, हिसार
फोन : 7988727916, 9315429403, 9253681005